प्रसारित - आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, कासगंज, एटा, मैनपुरी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर | गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

साप्ताहिक

मोर्निंग सिटी

सच के साथ...

वर्ष - 10 अंक 28, 26 अक्टूबर से 01 नवम्बर, 2025 मूल्य- 10 रुपये । पृष्ठ 8



सिडनी में गरजा 'रो-को' का बल्ला, 168 रन की अटूट साझेदारी 8

मोर्निंग सिटी | MORNING CITY

यूपी का सर्वक्षेष्ठ न्यूज प्लेटफॉर्म

सूर्य मंदिरों में अद्भुत होता है छठ पूजा का नजारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

छठ पूजा का शनिवार से आगाज हो गया है। सूर्य देव और छठी मइया को समर्पित छठ पूजा बिहार सहित न केवल पूरे देश बल्कि नेपाल और अमेरिका में भी धूमधाम से मनाया जाता है।

चार दिनों तक चलने वाले इस व्रत में व्रती कड़े नियमों का पालन करते हैं। इस दौरान सूर्योदय और सूर्यास्त के समय व्रती भगवान सूर्य देव को अर्घ्य भी देते हैं। आइए, छठ पर्व पर देश में मौजूद कुछ प्रमुख सूर्य मंदिरों के बारे में जानते हैं

देवार्क मंदिर, औरंगाबाद

देश के 12 सूर्य मंदिरों में से नौ अकेले बिहार में स्थित हैं। औरंगाबाद में स्थित देवार्क मंदिर काफी प्रसिद्ध है। यह मंदिर बिहार के औरंगाबाद जिले के देव नामक स्थान पर स्थित है और भगवान सूर्य को समर्पित है। पूरे देश में मौजूद सूर्य मंदिरों में यह अनोखा है क्योंकि इसके दरवाजे पूरब की ओर नहीं, बल्कि पश्चिम दिशा की ओर हैं।

दक्षिणार्क सूर्य मंदिर, गया

बिहार के गया जी में भी एक फेमस सूर्य मंदिर है, जिसे दक्षिणार्क सूर्य मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। यह मंदिर भी भगवान सूर्य को समर्पित है। यहां छठ पूजा के समय काफी भव्य आयोजन किया जाता है। श्रद्धालु यहां सूर्य देव की पूजा-अर्चना करने के लिए दूर-दूर से आते हैं। ऐसे में आप भी यहां जाकर छठ पूजा देख सकते हैं।

कोणार्क सूर्य मंदिर, ओडिशा

छठ पूजा के मौके पर अगर आप बिहार या उत्तर प्रदेश नहीं जा पाए हैं, तो आप ओडिशा जा सकते हैं। यहां भी छठ की जबरदस्त रौनक देखने को मिलती है। ओडिशा के कोणार्क में स्थित सूर्य मंदिर विश्व प्रसिद्ध है। यह मंदिर भगवान सूर्य को समर्पित है। इसकी संरचना एक विशाल रथ के आकार में बनाई गई है, जिसमें 24 पहिए हैं और इसे सात घोड़े खींच रहे हैं। ये पहिए साल के 12 महीनों और 24 घंटे का प्रतीक हैं।

- चार दिनों तक चलने वाले छठ पर्व की हो गई है शुरुआत
- छठ में डूबते और उगते सूर्य को दिया जाता है अर्घ्य
- अलग ही रौनक देखने मिलती है बिहार में छठ महापर्व की

रांची का सूर्य मंदिर

झारखंड में भी एक प्रसिद्ध सूर्य मंदिर है, जो राजधानी रांची से करीब 39 किलोमीटर दूर बुंडू नामक स्थान पर स्थित है। यह मंदिर देखने में ओडिशा के कोणार्क सूर्य मंदिर जैसा दिखता है। मकर संक्रांति और छठ पूजा के दौरान यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है।

सूर्य मंदिर मोढेरा (गुजरात)

गुजरात के मोढेरा में बना सूर्य मंदिर 1000 साल पुराना है। यह मंदिर फिजिक्स और एस्ट्रोनॉमी और अध्यात्म की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। इस मंदिर में साल में दो दिन सूर्य की रोशनी मंदिर के गर्भगृह में मौजूद तक पहुंचती है और प्रतिमा को छूती है। यह भौगोलिक घटना "सोलर इक्विनॉक्स' के दिन होती है, जो साल में दो दिन होता है।

ग्वालियर का सूर्य मंदिर

यह सूर्य मंदिर एक अद्भुत वास्तुशिल्पीय कृति है जो हर साल बड़ी संख्या में लोगों को आकर्षित करती है। इस मंदिर के लाल बलुआ पत्थर और सफेद संगमरमर इस मंदिर की शोभा बढ़ाते हैं। हालाँकि, यह एक और सूर्य मंदिर है जहाँ भक्त छठ पूजा के दौरान दर्शन कर सकते हैं।

उत्तराखंड के कटारमल अल्मोड़ा में सूर्य मंदिर

कटारमल में सूर्य मंदिर एक और प्रसिद्ध मंदिर है जहाँ भक्त छठ पूजा के दौरान दर्शन कर सकते हैं। यह उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में स्थित एक तीर्थ स्थल है।

मार्तण्ड सूर्य मंदिर जम्मू और कश्मीर

यह आठवीं शताब्दी में बनाया गया एक प्राचीन मंदिर है, जो जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में स्थित एक बहुत ही महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक स्थल है। इस भव्य मंदिर का निर्माण आठवीं शताब्दी ईस्वी (लगभग 725-753 ईस्वी) में कर्कोटा राजवंश के सबसे शक्तिशाली शासक ललितादित्य मुक्तापीड़ ने करवाया था। "मार्तण्ड" का अर्थ है सूर्य देव। यह मंदिर पूरी तरह से सूर्य देव को समर्पित है।

सूर्यनार कोविल मंदिर (सूर्यनार मंदिर), तमिलनाडु

यह राज्य के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक है। सूर्यनार कोविल मंदिर तमिलनाडु के प्रसिद्ध नवग्रह मंदिरों के समूह का हिस्सा है। यह मंदिर विशेष रूप से सूर्य भगवान (सूर्यनारायण) को समर्पित है, जबकि अन्य नवग्रह मंदिरों में मुख्य देवता शिव होते हैं।

बिहार की चुनावी रैली में बोले केंद्रीय गृह मंत्री शाह, महागठबंधन पर जमकर साधा निशाना

लालू-राबड़ी सरकार में वापस आ गए तो फिर से जंगलराज का होगा बोलबाला

एजेंसी ▶▶| मुंगेर

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मुंगर और खगड़िया में आयोजित चुनावी रैलियों में विपक्ष पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने विरोधी दलों पर 1990 के दशक के शासन-काल को जंगलराज करार देते हुए विकास और सुरक्षा के मुद्दों पर जनता से एनडीए को दोबारा बहुमत दिलाने की अपील की। मुंगर रैली में शाह ने लालू-राबड़ी शासनकाल पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि लालू-राबड़ी वापस आ गए तो फिर से जंगलराज वापस आ जाएगा, जबकि मोदी और नीतीश के आने पर बिहार फिर से

इस राज्य में 6 व 11 नवंबर को होगा दो चरणों में मतदान

14 नवंबर को बालदिवस के दिन होगी मतगणना

विकसित बिहार की दिशा में आगे बढ़ जाएगा। उनके समय में हत्याएं, फिरौती, अपहरण और जघन्य नरसंहार हुए और उन्होंने बिहार को तहस-नहस कर दिया। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी की सरकार ने अनेक सालों तक जंगलराज चलाया। हत्याएं, फिरौती, अपहरण, जघन्य नरसंहार और एक प्रकार से हमारे हरे-भरे बिहार को तहस-नहस कर दिया था।

हम पांडवों की तरह एकजुट

रैली में उन्होंने चुनावी गठबंधन के समीकरणों पर भी हमला बोला और कहा कि इस बार एनडीए के पांच दल पांच पांडवों की तरह एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि महागठबंधन टिकट बंटवारे में ही उलझा हुआ है। उनके मुताबिक इस गठबंधन के पास न तो नेता है, न नीयत है और न नेतृत्व. शाह ने दोहरा संदेश देते हुए कहा कि उनका दल नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ रहा है और बीते 20 सालों में एनडीए की नीतियां स्पष्ट रही हैं। स्कूल-कॉलेज में पढ़ाई, समय पर दवा, खेतों में सिंचाई और हर घर में पीने का पानी सुनिश्चित करने पर उन्होंने जोर दिया।

पूर्व मंत्री-विधायक समेत 11 बागी नीतीश ने किए निष्कासित

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जनता दल (यूनाइटेड) ने संगठन के भीतर बगावत को लेकर सख्त कदम उठाया है। पार्टी ने निर्दलीय रूप से चुनाव लड़ रहे अपने 11 बागी नेताओं को तत्काल प्रभाव से निष्कासित कर दिया है। प्रदेश महासचिव चंदन कुमार सिंह की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि इन नेताओं ने पार्टी की विचारधारा, अनुशासन और संगठनात्मक आचरण के खिलाफ जाकर कार्य किया है, जिसके चलते इन्हें प्राथमिक सदस्यता से निलंबित करते हुए निष्कासित किया जाता है। बता दें कि जेडीयू बिहार में कुल 101 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं।

बीजेपी वालों ने नीतीश को किया हाईजैक वे सरकार चलाने लायक नहीं : तेजस्वी

राजद नेता व महागठबंधन के घोषित सीएम पद के दावेदार तेजस्वी यादव ने खगड़िया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि नीतीश चाचा की उम्र हो गई है। वो सरकार चलाने लायक नहीं रह गए। बीजेपी वालों ने उन्हें हाईजैक कर लिया है। वही सरकार चला रहे हैं। खगड़िया की जनता इस बार भाजपा को रिजेक्ट कर देगी। ये लोग हिंदू-मुस्लिम करेंगे, लेकिन तेजस्वी के साथ पिछड़ा, दलित, अपर कास्ट सब हैं। हमें मुद्दों की बात करनी है, बंटना नहीं है। छठी मइया से प्रार्थना है कि सबका दुख हर ले और बेईमानों को सत्ता से उखाड़ फेंके। उन्होंने यह भी दावा किया कि अमित शाह ने स्पष्ट कर दिया

खगड़िया की चुनावी सभा में बरसे राजद नेता

है कि चुनाव के बाद चुने गए विधायक बिहार के सीएम का फैसला करेंगे। तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि बिहार में 20 साल से जेडीयू की अगुवाई में एनडीए की सरकार है। इसके बावजूद बिहार गरीब राज्य है।

ऑस्ट्रेलिया की 2 महिला क्रिकेटरों के साथ इंदौर में छेड़छाड़, बवाल

एजेंसी ▶▶| इंदौर

वर्ल्ड कप मैच से पहले हुई शर्मनाक घटना, आरोपी गिरफ्तार

स्वच्छता के मामले में देश के नंबर-1 शहर इंदौर में एक ऐसी घटना हुई है, जिसने देश की इज्जत पर कालिख पोतने का काम कर दिया है। दरअसल महिला वर्ल्ड कप 2025 के लिए इंदौर पहुंची ऑस्ट्रेलिया की महिला क्रिकेट टीम की क्रिकेटरों के साथ अभद्रता और छेड़छाड़ की घटना हुई है। एक बाइक सवार एक मनचले ने इस घटना को तब अंजाम दिया, जब ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स रेडिसन ब्लू होटल के करीब पैदल ही कैफे जा रही थीं। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इंदौर पुलिस ने बताया कि आरोपी का नाम अकील है व आजाद नगर का निवासी है। वह स्थानीय डिलीवरी एग्जीक्यूटिव के तौर पर काम करता है। उसकी बाइक को जब्त कर लिया गया है। इस घटना के बाद महिला वर्ल्ड कप खेलने आए सभी देशों में भारत की किरकिरी हो रही है। खासतौर पर क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसे लेकर काफी तीखा रिएक्शन दिया है। बीसीसीआई ने भी इस पूरी घटना को दुर्भाग्यपूर्ण और देश की छवि खराब करने वाला बताया है। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में शनिवार को ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के साथ मैच के लिए पहले से दोनों देशों की खिलाड़ी यहां पर थीं।

यह थी पूरी घटना

इंदौर में 23 अक्तूबर की शाम को होटल रेडिसन ब्लू से दो ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटर पैदल ही कैफे की तरफ जा रही थीं। इसी दौरान बाइक पर सवार अकील ने उन्हें गंदे शब्द कहे और छूते हुए छेड़छाड़ करने की कोशिश की। महिला क्रिकेटरों के एसओएस नोटिफिकेशन भेजते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलियाई टीम के सिक्योरिटी अफसर डेनी सिमंस की शिकायत पर थाना एमआईजी पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थाईलैंड की महारानी सिरिकिट का 93 वर्ष की आयु में निधन

बैंकॉक : थाईलैंड की राजमाता सिरिकिट का 93 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। रॉयल हाउसहोल्ड ब्यूरो ने शनिवार को यह जानकारी दी कि उनका निधन शुक्रवार देर रात हुआ। राजमाता सिरिकिट को युद्ध के बाद के दौर में थाई राजशाही में ग्लैमर, गरिमा और आधुनिकता का नया अध्याय जोड़ने का श्रेय दिया जाता है। वह 2012 में स्ट्रोक (पक्षाघात) आने के बाद से ही सार्वजनिक जीवन से दूर थीं।

महारानी सिरिकिट की फाइल फोटो।

फरीदाबाद में रेडियोथेरेपिस्ट ने 15वीं मंजिल से कूदकर की सुसाइड

- पत्नी व ससुरालियों पर प्रताड़ना का आरोप

फरीदाबाद : हरियाणा के ग्रेटर फरीदाबाद में पत्नी व ससुराल वालों से परेशान होकर रेडियोथेरेपिस्ट 15वीं मंजिल से कूद गया। नीचे गिरते ही मौत हो गई। घटना सेक्टर-87 में एसआरएस पर्ल सोसाइटी की है, जहां 38 वर्षीय योगेश अपने 6 साल के बेटे के साथ रह रहा था। पत्नी के साथ विवाद था।

योगेश के परिजन का आरोप है कि ससुराल वाले प्रताड़ित करते थे। योगेश खुद गुरुग्राम के एक प्राइवेट अस्पताल में रेडियोथेरेपिस्ट था। उसकी पत्नी नेहा रावत नोएडा में जॉब करती है। दोनों की 9 साल पहले शादी हुई थी। उनका छह साल का एक बेटा है।

ग्वालियर की विवेकानंद कॉलोनी के रहने वाले प्रकाश सिंह ने बताया कि उनका भतीजा योगेश पहले पत्नी नेहा के साथ नोएडा में किराए के मकान में रहते थे। पति और पत्नी के नौकरीपेशा होने के चलते बच्चे की सही से देखभाल नहीं कर पा रहे थे। इसी कारण योगेश अपनी मां को अपने पास रखना चाहता था।

नेहा इस बात के लिए राजी नहीं थी। 6 माह पहले योगेश बेटे के साथ सेक्टर-87 पर्ल सोसाइटी में आकर रहने लगा।

पंजाब के 3 कफ सिरप सहित 11 दवाओं के सैंपल फेल

नई दिल्ली : देशभर में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर की गई ताज़ा जांच में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन ने देशभर में दवा की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, कुल 112 दवाओं के सैंपल गुणवत्ता परीक्षण में फेल हुए हैं, जिनमें पंजाब में निर्मित 11 दवाएं भी शामिल हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, केंद्र सरकार की लैब्स में जांची गई 52 दवाएं और राज्य स्तरीय लैब्स में जांची गई 60 दवाएं गुणवत्ता परीक्षण में फेल पाई गई हैं। इनमें सबसे अधिक 49 दवाएं हिमाचल प्रदेश, 16 गुजरात, 12 उत्तराखंड, 11 पंजाब और 6 मध्य प्रदेश की हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों ने बताया कि पंजाब में निर्मित 11 असफल दवाओं के सैंपल संबंधित फार्मा कंपनियों को नोटिस भेजकर जवाब तलब किया गया है। इन दवाओं से जुड़े बैचों को बाजार से हटाने की प्रक्रिया भी तेज़ी से जारी है।

देश में अगले हफ्ते से शुरू हो सकता है एसआईआर

- चुनावी राज्यों में सबसे पहले; पश्चिम बंगाल समेत 5 राज्यों में अगले साल होना है चुनाव

नई दिल्ली : चुनाव आयोग अगले हफ्ते से पूरे देश में वोटर लिस्ट का स्पेशल इंटेंसिव रिविजन शुरू कर सकता है। इसकी शुरुआत 10-15 राज्यों से होगी। उन राज्यों में एसआईआर पहले होगी, जहां अगले एक साल में विधानसभा चुनाव होना हैं। असम, तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में विधानसभा चुनाव होना हैं।

चुनाव आयोग के अधिकारी ने बताया, 'उन राज्यों में एसआईआर अभी नहीं होगा, जहां स्थानीय निकायों के चुनाव होना हैं। इसका कारण है कि निचले स्तर पर कर्मचारी उन चुनाव में व्यस्त होंगे। वे एसआईआर के लिए समय नहीं निकाल पाएंगे। चुनाव के बाद इन राज्यों में एसआईआर होगा।'

समस्या | **राजधानी में बुरा हाल, सांस लेना हुआ दूभर**

दिल्ली में प्रदूषण गंभीर, एक्यूआई 400 पार

नई दिल्ली : दीवाली के बाद से दिल्ली-एनसीआर की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। शनिवार को पूर्वी दिल्ली के आनंद विहार में एक्यूआई लेवल 412 दर्ज किया गया, जिससे प्रदूषण गंभीर कैटेगरी में पहुंच गया है। कई इलाकों में हवा की क्वालिटी खराब है, इसलिए जनपथ रोड पर पार्टिकुलेट मैटर के हाईलेवल से निपटने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

दिल्ली में छाया हुआ प्रदूषण।

दिवाली के बाद केवल दो दिनों के भीतर सांस लेने में कठिनाई, अस्थमा के दौरे और एलर्जिक

- अस्थमा-एलर्जी के मरीज बढ़े

ब्रोंकाइटिस के रोगियों में लगभग 30 फीसद की बढ़ोतरी देखी गई है। डॉक्टरों ने मास्क लगाने की सलाह दी है। उधर बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनता नजर आ रहा है। 27 अक्टूबर को इसके चक्रवात में तब्दील होने की संभावना है। तूफान का नाम मोन्था रखा जा सकता है, जो थाईलैंड ने दिया है।

भारत के त्रिशूल से डरा पाकिस्तान, दो दिन के लिए बंद किया हवाई मार्ग, पाकिस्तान सीमा पर सैन्य अभ्यास

नई दिल्ली

भारत की तीनों सेनाओं का संयुक्त सैन्य अभ्यास त्रिशूल शुरू होने से पहले ही पाकिस्तान में खलबली मच गई है। भारत की तैयारी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की सख्त चेतावनी के बाद पड़ोसी देश ने एहतियातन कदम उठाते हुए अपने कई हवाई मार्ग बंद कर दिए हैं। इस्लामाबाद ने 28 और 29 अक्तूबर के लिए नोटम (नोटिस टु एयरमेन) जारी किया है। स्पष्ट है कि उसे भारत की सैन्य ताकत का डर सता रहा है। राजनाथ सिंह ने हाल ही में भुज एयरबेस पर कहा था, अगर पाकिस्तान ने सर क्रीक क्षेत्र में कोई हरकत की, तो जवाब ऐसा होगा जो इतिहास और भूगोल दोनों बदल देगा। यह युद्ध अभ्यास सर क्रीक के पास, यानी पाकिस्तान की सीमा से सटे इलाके में होगा। रक्षा विश्लेषक डेमियन सायमोन ने सैटेलाइट तस्वीरों के हवाले से बताया कि इस अभ्यास का दायरा 28 हजार फीट ऊंचाई तक फैला होगा, जो

हाल के वर्षों में सबसे बड़े सैन्य अभियानों में से एक है। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30 हजार जवान थार में संयुक्त अभ्यास करेंगें। अभ्यास की शुरूआत 30 अक्तूबर से होगी, जो 10 नवंबर तक चलेगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान सीमा के कुछ क्षेत्र में वाणिज्यिक उड़ानों के मार्ग में बदलाव भी हो सकता है। युद्धाभ्यास जैसलमेर के इलाके से लेकर गुजरात के सर क्रीक इलाके तक होगी।

पाकिस्तान में रोटी पर घमासान, पंजाब ने रोका गेहूं

इस्लामाबाद : पाकिस्तान में सेना से लेकर राजनीति तक में पंजाब सूबे के प्रभुत्व को लेकर चला आ रहा विवाद अब 'रोटी' के संकट तक पहुंच गया है। खैबर पख्तूनख्वा और सिंध प्रांत में आटे की भारी किल्लत पैदा हो गई है, और दोनों ही राज्यों की सरकारों ने इसके लिए सीधे तौर पर पंजाब को जिम्मेदार ठहराया है। आरोप है कि पंजाब ने गेहूं का स्टॉक रोक रखा है, जिससे इन राज्यों में सप्लाई चेन टूट गई है।

सम्पादकीय

देर पर दुरस्त

बिहार विधानसभा चुनाव के लिए महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को अपना मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। यह फैसला काफी जद्दोजहद के बाद लिया गया है। कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीट बंटवारे को लेकर थोड़ी खींचतान चली। एनडीए ने इस बार किसी को सीएम उम्मीदवार नहीं बनाया है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आखिरकार महागठबंधन ने अपना सीएम चेहरा घोषित कर दिया है। तेजस्वी यादव महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। इस फैसले पर पहुंचने के लिए काफी लंबी बातचीत और जद्दोजहद चली। आखिरकार, महागठबंधन के घटक दलों ने तेजस्वी के नाम पर मुहर लगाकर एकजुटता का संदेश देने की कोशिश की है। यह फैसला पटना में हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लिया गया, जहां अलायंस के सभी प्रमुख चेहरे मौजूद थे। हालांकि, कांग्रेस और आरजेडी के नेताओं पर सबसे ज्यादा फोकस था, क्योंकि सीट शेयरिंग और सीएम उम्मीदवार का असली पेंच इन्हीं दोनों दलों के बीच फंसा था। इस देरी से महागठबंधन में असमंजस बढ़ रहा था। कुछ दिनों पहले मुकेश सहनी ने कहा था कि महागठबंधन थोड़ा अस्वस्थ है, जिससे यही संकेत मिला कि बात नहीं बन पा रही थी। कांग्रेस की तरफ से कभी भी तेजस्वी के नाम का सीधा विरोध नहीं किया गया, बस सहमति नहीं जताई जा रही थी। बिहार में लोग पहले से ही मान रहे थे कि तेजस्वी ही चेहरा होंगे और इसका ऐलान सिर्फ एक औपचारिकता है। ऐसा इसलिए भी था क्योंकि गठबंधन के सभी साथी किसी दूसरे ऐसे नाम पर सहमत नहीं हो पा रहे थे। इस घोषणा में देरी की एक बड़ी वजह यह भी थी कि कांग्रेस ज्यादा से ज्यादा सीटों पर अपना दावा पेश करना चाहती थी। पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को 70 सीटें मिली थीं, लेकिन जीत सिर्फ 19 पर मिली थी। इसलिए, पार्टी इस बार ज्यादा और जीतने की संभावना वाली सीटें चाहती थी। इस बातचीत में काफी वक्त लग गया और अगर अब तेजस्वी के नाम पर एकता प्रदर्शित नहीं की जाती, तो शायद महागठबंधन के लिए देर हो जाती। हालांकि, कुछ सीटों पर 'फ्रेंडली फाइट' यानी आपसी सहमति से चुनाव लड़ने की संभावना अब भी बनी हुई है। सीट बंटवारे की घोषणा पहले कर-के एनडीए ने जो बढ़त हासिल की थी, महागठबंधन ने अब उसे कवर करने का प्रयास किया है। एनडीए ने इस बार किसी को सीएम उम्मीदवार नहीं बनाया है। यह दो दशक में पहला ऐसा चुनाव है जब नीतीश कुमार गठबंधन का नेतृत्व तो कर रहे हैं, पर मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं हैं। महागठबंधन ने अपना नेता घोषित कर एनडीए पर दबाव बढ़ा दिया है। बिहार का यह चुनाव कई मायनों में अलग है। नीतीश सरकार की घोषणाओं के जवाब में तेजस्वी ने भी वादों की झड़ी लगा दी है। 28 अक्टूबर को आने वाले महागठबंधन के घोषणापत्र में ऐसे कई वादे देखने को मिल सकते हैं। महागठबंधन के नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में एकजुटता दिखाने की पूरी कोशिश की। हालांकि, कांग्रेस और आरजेडी के बीच सीट बंटवारे को लेकर थोड़ी खींचतान चल रही थी। कांग्रेस ज्यादा सीटें चाहती थी क्योंकि पिछले चुनाव में उन्हें ज्यादा सीटें मिली थीं लेकिन जीत कम मिली थी। इस वजह से थोड़ी देर हो रही थी। मुकेश सहनी जैसे नेताओं ने भी इस बात का इशारा किया था कि महागठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। लेकिन, आखिरकार तेजस्वी यादव के नाम पर सभी दल सहमत हो गए। यह फैसला महागठबंधन के लिए एक बड़ी जीत है क्योंकि इससे उनकी एकजुटता का संदेश पूरे बिहार में जाएगा। एनडीए ने पहले ही अपने पत्ते खोल दिए थे और सीट बंटवारे की घोषणा कर दी थी। लेकिन, उन्होंने किसी एक चेहरे को सीएम उम्मीदवार के तौर पर पेश नहीं किया है। यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा रहे हैं। महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार बनाकर एनडीए पर दबाव बनाने की कोशिश की है। यह चुनाव बिहार के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और इसमें वादों का दौर भी जारी है। नीतीश सरकार ने कई घोषणाएं की हैं, तो वहीं तेजस्वी यादव ने भी जनता से कई वादे किए हैं। महागठबंधन का घोषणापत्र 28 अक्टूबर को आने वाला है, जिसमें कई बड़े वादे होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस वादे पर भरोसा करती है और बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनता है।



सुशील कुमार सिंह प्रधान संपादक

बिहार में तेजस्वी के नाम पर मुहर मजबूरी भरी स्वीकृति

भाजपा ने बिहार में धीरे-धीरे अपना जनाधार बढ़ाया है, अब भी वह स्वतंत्र चुनाव न लड़कर क्षेत्रीय दलों के सहारे आगे बढ़ रही है। भले ही नीतीश कुमार, जिन्होंने वर्षों तक सुशासन बाबू की छवि से राजनीति की, अब थके हुए और अविश्वसनीय से प्रतीत होने लगे हैं। बार-बार गठबंधन बदलने, राजनीतिक अवसरवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता ने उनकी साख को गहरी चोट पहुंचाई है। जनता अब बदलाव चाहती है। यह बदलाव किस रूप में सामने आयेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं। यदि यह बदलाव तेजस्वी के नेतृत्व में संभव होता है तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक पीढ़ी परिवर्तन भी होगा। हालांकि तेजस्वी के चेहरे पर सहमति एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन यह गठबंधन की एकजुटता की गारंटी नहीं। कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बँटवारे को लेकर असहमति फिर उभर सकती है। बिहार का मतदाता जातीय समीकरणों से प्रभावित रहता है, और भाजपा-जेडीयू गठबंधन इस बिंदु पर अब भी मजबूत स्थिति में है।

ललित गर्ग

बिहार विधानसभा चुनाव में मतदान की तिथियां जैसे-जैसे नजदीक आती जा रही है, चुनाव के सतरंगी रंग देखने को मिल रहे हैं। बिहार की राजनीति में आखिरकार उस घोषणा का रंग भी देखने को मिल ही गया, जिसका सबको इंतजार था। आखिरकार तेजस्वी यादव को महागठबंधन की ओर से मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित कर दिया गया है। यह निर्णय देर आए, दुरुस्त आए की कहावत को चरितार्थ करता है। लंबे समय से इस पर राजनीतिक अटकलें लगाई जा रही थीं कि कांग्रेस क्या तेजस्वी के नेतृत्व को खुले तौर पर स्वीकार करेगी या नहीं? अंततः उसने तेजस्वी पर भरोसा जताया, पर यह भरोसा एक प्रकार की मजबूरी भरी स्वीकृति भी लगती है, न कि उत्साहपूर्ण गठबंधन की रचनात्मक एकजुटता। यह घोषणा कांग्रेस नेता अशोक गहलोत की ओर से की गई। इसी के साथ विकासशील इंसान पार्टी यानी वीआइपी के प्रमुख मुकेश सहनी को डिप्टी सीएम का चेहरा घोषित किया गया। अशोक गहलोत की इस घोषणा से पता चलता है कि बिहार में कांग्रेस की स्थिति मजबूत नहीं है, उसने मुख्यमंत्री का चेहरा अनिच्छा से ही उजागर नहीं किया था, इस अनिच्छा से यही झलका कि कांग्रेस अभी भी गठबंधन राजनीति के धर्म का मर्म समझने में उलझी है, यह राहुल गांधी की नाकाम राजनीति का भी द्योतक है, ऐसे मामलों में वे अपरिपक्वता का ही परिचय देते रहे हैं।

क्या कांग्रेस ऐसा कुछ मानकर चल रही थी कि महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है? उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि वह बिहार में अपनी राजनीतिक महत्ता बनाए रखने के लिए राजद पर ही निर्भर है। उसकी ऐसी ही निर्भरता अन्य राज्यों में भी वहां के क्षेत्रीय दलों पर है। जब तक वह अपने बलबूते चुनाव लड़ने की सामर्थ्य नहीं जुटा लेती, तब तक उसे उन्हें दबाव में लेने की चेष्टा नहीं करनी चाहिए। उसके पास न प्रभावशाली चेहरा है, न जनाधार। हाल के चुनावों में उसका प्रदर्शन लगातार निराशाजनक रहा है। ऐसे में कांग्रेस के पास कोई विकल्प नहीं था कि वह नेतृत्व की भूमिका की बजाय सहयोगी भूमिका निभाए। तेजस्वी यादव के रूप में राजद आज बिहार में विपक्ष की सबसे बड़ी ताकत है। यह भी एक वास्तविकता है कि जिस तरह से नीतीश कुमार का जनाधार खिसक रहा है, तेजस्वी उस रिक्त स्थान को भरने की क्षमता रखते हैं। तेजस्वी यादव ने पिछले कुछ वर्षों में अपने नेतृत्व को निखारा है। उन्होंने नौकरी, विकास और सम्मान जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक विमर्श का केंद्र बनाया है। उनकी भाषा में युवाओं की बेचैनी, बेरोजगारी का दर्द और अवसरों की तलाश झलकती है। बिहार के युवा अब जातीय राजनीति से ऊपर उठकर रोजगार और जीवन की गुणवत्ता के सवाल पूछने लगे हैं, और तेजस्वी इन्हीं सवालों को अपनी ताकत बना रहे हैं। हाल के वर्षों में उनके तेवर में जो परिपक्वता आई है, वह बताती है कि वे अब सिर्फ लालू के पुत्र नहीं, बल्कि स्वयं का राजनीतिक ब्रांड बन चुके हैं। उनका जनादेश अब सिर्फ परंपरा या पारिवारिक विरासत पर आधारित नहीं है, बल्कि नये बिहार की आकांक्षाओं से जुड़ने की कोशिश है। एनडीए ने पहले ही अपने पत्ते खोल दिए थे और सीट बंटवारे की घोषणा कर दी थी। लेकिन, उन्होंने किसी एक चेहरे को मुख्यमंत्री उम्मीदवार के तौर पर पेश नहीं किया है। यह अपने आप में एक बड़ा बदलाव है, क्योंकि पिछले दो दशकों से नीतीश कुमार ही एनडीए का चेहरा रहे हैं। महागठबंधन ने तेजस्वी को सीएम उम्मीदवार बनाकर एनडीए पर दबाव बनाने की कोशिश की है। यह चुनाव बिहार के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं दिलचस्प है और इसमें वादों का दौर भी जारी है। नीतीश सरकार ने कई घोषणाएं की हैं, तो वहीं तेजस्वी यादव ने भी जनता से कई वादे किए हैं। महागठबंधन का घोषणापत्र आने वाला है, जिसमें कई बड़े वादे होने की उम्मीद है। यह देखना दिलचस्प होगा कि जनता किस वादे पर भरोसा करती है और बिहार का अगला मुख्यमंत्री कौन बनता है। ताजा परिदृश्यों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के विकास की राजनीति ही बढ़त बनाये हुए है।

भाजपा ने बिहार में धीरे-धीरे अपना जनाधार बढ़ाया है, अब भी वह स्वतंत्र चुनाव न लड़कर क्षेत्रीय दलों के सहारे आगे बढ़ रही है। भले ही नीतीश कुमार, जिन्होंने वर्षों तक सुशासन बाबू की छवि से राजनीति की, अब थके हुए और अविश्वसनीय से प्रतीत होने लगे हैं। बार-बार गठबंधन बदलने, राजनीतिक अवसरवाद और प्रशासनिक निष्क्रियता ने उनकी साख को गहरी चोट पहुंचाई है। जनता अब बदलाव चाहती है। यह बदलाव किस रूप में सामने आयेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं। यदि यह बदलाव तेजस्वी के नेतृत्व में संभव होता है तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक पीढ़ी परिवर्तन भी होगा। हालांकि तेजस्वी के चेहरे पर सहमति एक सकारात्मक संकेत है, लेकिन यह गठबंधन की एकजुटता की गारंटी नहीं। कांग्रेस और वाम दलों के बीच सीट बँटवारे को लेकर असहमति फिर उभर सकती है। बिहार का मतदाता जातीय समीकरणों से प्रभावित रहता है, और भाजपा-जेडीयू गठबंधन इस बिंदु पर अब भी मजबूत स्थिति में है। इसके अलावा, तेजस्वी को छवि सुधार और जनसंपर्क के नए मॉडल पर भी काम करना होगा- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और अस्थिरता के पुराने आरोपों से वे अब भी पूरी तरह मुक्त नहीं हुए हैं। अगर वे इस बार भी भावनाओं की राजनीति पर अटके रहे, तो जनता का भरोसा खिसक सकता है। तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री पद का चेहरा बनना बिहार की राजनीति में एक जनसांस्कृतिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह निर्णय दिखाता है कि अब राजनीतिक विमर्श का केंद्र युवा आकांक्षाओं, आर्थिक अवसरों और विकास की बराबरी की ओर बढ़ रहा है। कांग्रेस का झुकना केवल राजनीतिक गणित नहीं, बल्कि यह स्वीकारोक्ति है कि अब बिहार में नई पीढ़ी के नेतृत्व से ही राजनीतिक भविष्य तय होगा। तेजस्वी यादव का उदय केवल एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं है, बल्कि बदलते समय की पुकार है। बिहार की जनता लंबे समय से ठहरे हुए शासन और खोखले वादों से थक चुकी है। अब वह ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो न केवल सत्ता चाहता हो, बल्कि संवेदना और संघर्ष का प्रतीक भी बने। कांग्रेस ने भले ही देर से यह निर्णय लिया हो, पर यदि महागठबंधन इस घोषणा को एकजुट रणनीति में बदल सके, तो यह बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय खोल सकता है, जहाँ देर आए, पर दुरुस्त आए केवल कहावत नहीं, बल्कि राजनीतिक सच्चाई बन जाए।

तेजस्वी यादव को सीएम पद का प्रत्याशी घोषित करने के साथ-साथ वीआइपी प्रमुख मुकेश सहनी को जिस तरह डिप्टी सीएम के रूप में आगे लाया गया, उससे उनकी राजनीतिक हैसियत का अनुमान लगता है, लेकिन उनकी पार्टी तो महज 15 सीटों पर चुनाव लड़ रही है और कांग्रेस उससे चार गुने से अधिक सीटों पर। हालांकि अशोक गहलोत ने यह स्पष्ट किया है कि और भी डिप्टी सीएम बनाए जाएंगे, पर इससे यह संदेश ओझल नहीं होता कि कांग्रेस की राजनीतिक ताकत वीआइपी से भी कम है। निःसंदेह अशोक गहलोत की घोषणा से महागठबंधन और विशेष रूप से उसका नेतृत्व कर रहे राजद को लाभ मिल सकता है, लेकिन यह कहना सही नहीं होगा कि अब इस गठबंधन में सब कुछ सही हो गया है। महागठबंधन के 10 से अधिक प्रत्याशी एक-दूसरे के सामने हैं। महागठबंधन की राजनीति चुनाव होने एवं चुनाव परिणाम के बाद भी कई रंग बदलेगी, इसलिये उसकी डगर निष्कंटक तो नहीं कही जा सकती। महागठबंधन के जीतने की सूरत में तेजस्वी यादव के अतिरिक्त अन्य कोई मुख्यमंत्री का दावेदार हो सकता है, यह भी प्रश्न तैरता रहेगा। फिलहाल तेजस्वी के मुख्यमंत्री का फैसला महागठबंधन के लिए एक बड़ी जीत है क्योंकि इससे उनकी एकजुटता का संदेश पूरे बिहार में जाएगा।

इंडिया गठबंधन के तेजस्वी के मुकाबले एनडीए के नीतीश के नाम के ऐलान में विलंब आत्मघाती!

कमलेश पांडे

खास बात यह है कि दोनों महत्वपूर्ण गठबंधन ने अपने अपने मुख्यमंत्री को लेकर जो सस्पेंस बरकरार रखा था, उसमें से इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री के रूप में राजद नेता तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होते ही आज राजद-कांग्रेस के अंदरूनी कलह का पटाक्षेप हो गया।

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के तहत चुनाव प्रचार की रफ्तार जैसे-जैसे तेज होती जा रही है, मतदाताओं की खामोशी देख गठबंधन दल के साथी अपने अपने नए-नए सियासी पत्ते खोल रहे हैं! जानकार बताते हैं कि आगामी 6 और 11 नवंबर को 243 सीटों के लिए यहां मतदान होगा। जहां पर एनडीए के घटक दलों, इंडिया महागठबंधन के साथी दलों और अकेली जनसुराज पार्टी के बीच त्रिकोणात्मक मुकाबले होने के आसार प्रबल हैं।

खास बात यह है कि दोनों महत्वपूर्ण गठबंधन ने अपने अपने मुख्यमंत्री को लेकर जो सस्पेंस बरकरार रखा था, उसमें से इंडिया गठबंधन के मुख्यमंत्री के रूप में राजद नेता तेजस्वी यादव, पूर्व मुख्यमंत्री के नाम का ऐलान होते ही आज राजद-कांग्रेस के अंदरूनी कलह का पटाक्षेप हो गया। वहीं, एनडीए का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इस बात का जनता के बीच खुलासा करने का नैतिक दबाव भाजपा-जदयू पर बढ़ गया है। हालांकि इसके अपने नफा-नुकसान भी हैं। इसलिए मशहूर सियासी रणनीतिकार व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अगले कदम पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं। सवाल है कि एक ओर जहां सत्ताधारी एनडीए गठबंधन ने अपने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के नाम का ऐलान करने से परहेज किया है, वहीं मुख्य विपक्षी इंडिया गठबंधन ने अपने मुख्यमंत्री-उपमुख्यमंत्री के नाम का ऐलान बजाप्ता एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कर दिया है। लेकिन ऐसा करने से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लवरु की भारी फजीहत हुई है। जिस तरह से राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भेजकर यह घोषणा कराई गई, वह पार्टी के नेताओं की कमजोरियों को स्पष्ट कर दिया है, जबकि राजद नेता तेजस्वी यादव की यह पहली जीत है।

वहीं, कथित कांग्रेस नेता और पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुला ऑफर दिया है, उससे भाजपा रणनीतिकारों की परेशानियों का ठिकाना नहीं है। अब वो नीतीश कुमार को भावी मुख्यमंत्री घोषित करें या न करें, लेकिन नीतीश कुमार को दिल से चाहने वाले लोग यदि भाजपा, लोजपा, हम, रालोमो की बजाए कांग्रेस को वोट कर दिए या राजद को वोट कर दिए या इंडिया गठबंधन के अन्य उम्मीदवार को वोट कर दिए तो भाजपा की सारी रणनीति फेल हो जाएगी। ऐसा लोग इसलिए बता रहे हैं कि नीतीश कुमार और उनके करीबी लोग भाजपा-लोजपा से 2020 के भितरघात का बदला अवश्य लेंगे, अन्यथा जदयू का सियासी हनक समाप्त हो जाएगा। बिहार के सियासी हल्के में कहा भी जाता है कि राजनीति के चाणक्य नीतीश कुमार की अंतड़ी में दांत है, जिसमें बड़े-बड़े सुरमा भोपाली नेता पीस चुके हैं। गत लोकसभा चुनाव में भी भाजपा की जो सियासी दुर्गति इंडिया गठबंधन ने की, उसके मुख्य सूत्रधार भी नीतीश कुमार ही थे, जिन्होंने इंडिया गठबंधन का राष्ट्रीय संयोजक नहीं बनाने के चलते पलटीमार दी और एनडीए में आकर आज उसका रिमोट कंट्रोल अपने हाथ में रखे हुए हैं। इसलिए भाजपा की भलाई भी इसी में ही है कि वह जल्द से जल्द अपने भावी मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के नाम का ऐलान कर दे। अन्यथा इतिहास 14 नवम्बर को फिर से खुद को दोहराएगा। सच कहूं तो इंडिया गठबंधन के तेजस्वी यादव के मुकाबले एनडीए के नीतीश कुमार के नाम के ऐलान में विलंब आत्मघाती साबित होगा!

दो से बेहतर तीन

संतोष उत्सुक

(व्यंग्य)

परिवार में लक्ष्मी और दुर्गा पधार चुकी हों तो भी संपन्न व्यक्ति एक प्रयास और जरूर करता है। सामान्य कमजोर आर्थिकी वाला बंदा ऐसा करे तो पंगा कहा जाता है लेकिन स्थिति और सोच अपनी अपनी होती है। असमंजस रहता है और पता नहीं चल पाता कि रत्न मिलेगा या लक्ष्मी आएगी। सुना है जिम्मेदारी से भरा खचीर्ला काम है लेकिन संजीदा कोशिश करो तो कौन सा काम है जो नहीं हो सकता। थोडा रिस्क तो है। महत्त्वपूर्ण, जरूरी, बड़े और रिस्की काम में सफलता हासिल करने के लिए कई चीजें निवेश करनी पड़ती हैं। एक लक्ष्मी और एक रत्न सहजता से मिल जाए तो आम बंदा, सामान्य तौर पर पंगा नहीं लेता। मान लिया जाता है कि परिवार पूरा हो गया। देश की जनसंख्या घटाने में कुछ सहयोग भी हो जाता है।

परिवार में लक्ष्मी और दुर्गा पधार चुकी हों तो भी संपन्न व्यक्ति एक प्रयास और जरूर करता है। सामान्य कमजोर आर्थिकी वाला बंदा ऐसा करे तो पंगा कहा जाता है लेकिन स्थिति और सोच अपनी अपनी होती है। कई दम्पत्ति एक ही शिशु पैदा करते हैं, चाहे लक्ष्मी मिले या रत्न। सारा खेल पैसे का है। समझदारी भी काफी काम करती है। कभी समझदारी भी न पिघलने वाली बर्फ की तरह जम जाती है।

आजकल दो बच्चों का रिवाज है। कुछ परिवारों में इससे थोड़ी परेशानी हो रही है जो बच्चा किसी भी तरह से विदेश जा पा रहा है, जा रहा है। दो बच्चों में से अगर एक पुत्र है और वह विदेश चला जाता है तो माता पिता को एक दूसरे के सहारे रहना, खाना, पीना और जीना पड़ता है। दूसरा बच्चा बेटी हो तो वह अपना परिवार, घरबार और ससुराल देखती है। वैसे भी अगर एक बच्चा विदेश में न होकर, देश में भी दूर नौकरी करता है तो जरूरी नहीं कि माता पिता उसके परिवार के साथ रह पाते हैं। उन्हें एक दूसरे के साथ रहना होता है। एक बच्चा और हो तो सुविधा रहती है। लड़ाई झगड़ा करना हो, किसी को पीटना हो तो तीन बच्चे ठीक रहते हैं। आजकल कोई बाहरी व्यक्ति, किसी की लड़ाई में अपनी टांग नहीं फंसाना चाहता इसलिए एक बच्चा और हो यानी तीन हों तो बेहतर है। किसी भी कीमत पर उसको अपने पास रखना व्यावहारिक है ताकि संस्कृति, परम्परा अनुसार बुढ़ापे का सहारा बने। अगर बुरे वक़्त के कारण कुछ अप्रत्याशित हो जाए तो एक बच्चा तो सलामत रहे। पहला बच्चा अभिभावकों की बात नहीं मानेगा तो तीसरा मान सकता है। मातापिता के ही ख्वाब पूरे करने के लिए तीन में से एक बच्चा तो कोशिश कर ही सकता है।

यह काम अब सामाजिक स्तर पर आसान हो गया है। उन्होंने भी कहा है कि बच्चे तो तीन ही पैदा करने चाहिए। संपन्न दम्पत्ति तो आधा दर्जन भी कर सकते हैं। आग्रह करने वाले युगदृष्टा हैं। दूर की सोच पोषित कर सकने में सक्षम हैं तभी तो ऐसा कहा। उनके अनुसार कम बच्चे वालों के परिवार से जुड़े समाज का अस्तित्व खत्म हो जाता है। उन्होंने समझाया कि जनसंख्या देश के लिए बोझ और अवसर दोनों हैं। बोझ तो उन परिवारों के लिए है जहां भारत का रोटी, कपडा और मकान सीरियल चल रहा है। वैसे इस मामले में मुफ्त प्रायोजक मिलते रहे हैं। राजनीति के लिए यह अवसर गिनती करने का है। दो से भले तीन माने गए हैं। वैसे भी तीन, दो से ज्यादा ही होते हैं। जनसंख्या बढ़ेगी तो विश्वगुरुओं का रुतबा बढेगा।

लोक कथा

लोहा खा गया घुन

एक बार की बात है दो व्यक्ति थे, जिनका नाम था मामा और फूफा। मामा और फूफा दोनों व्यापार करते थे और दोनों व्यापार में सहभागी थे। मामा ने फूफा से कहा, फूफा क्यों ना हम कोई ऐसी वस्तु खरीद लें जो जल्दी खराब ना हो और उसकी कीमत भी बढती रहे; फिर हम उसे कुछ वर्षों बाद बेचें जिससे उसके मूलधन से ज्यादा दाम मिले। फूफा ने कहा, ठीक है मामा, तुम्हारी बात तो सही है, पर हम खरीदें क्या? उन्होंने आपस में राय-मशवरा किया और लोहा खरीदने का निर्णय लिया। दोनों ने बराबर रुपए मिला कर लोहा खरीदा। फूफा ने मामा से कहा कि लोहा वह कहीं सूरक्षित स्थान पर रख दे। मामा ने लोहा अपने पास एक पुरानी कोठरी में रख लिया। कुछ दिन तो लोहा जस का तस रखा रहा पर धीरे-धीरे मामा के मन में लालच आ गया और मामा फूफा को बिना बताये लोहा बेचने लगा। काफी दिनों बाद फूफा मामा के पास गया और बोला, मामा आज लोहे का भाव काफी बढ़ गया है, जल्दी से वह लोहा निकालो, हम इसे बेच-कर आते हैं। इस पर मामा बोला, फूफा लोहा तो अब कबाड़ घर में नहीं है, क्योंकि लोहे को तो घुन खा गये हैं। फूफा समझ गया की मामा ने उसके साथ धोखा किया है। और उसे बिना बताये सारा का सारा लोहा बेच दिया है। फूफा को क्रोध तो बहुत आया पर वह बिना कुछ कहे-सुने वहां से चला गया इस घटना के कुछ दिनों बाद फूफा मामा के पास आया और बोला, मामा मैं एक बारात में जा रहा हूँ, बड़ा अच्छा इंतजाम है, अकेला हूँ चाहो तो अपने लड़के को साथ भेज दो, उसकी भी मौज हो जायेगी और कल सुबह तक हम वापस भी आ जायेंगे। मामा बोला, क्यों नहीं, बेशक तुम मेरे लड़के को अपने साथ लेकर जाओ। और हां इसे बारात में अच्छी तरह खाना-वाना खिला देना। फूफा बोला, यह भी भला कोई कहने की बात है मामा, तुम निश्चिंत रहो। इस तरह दो दिन बीत गए। मामा का लड़का अभी तक घर वापस नहीं आया। मामा को बहुत चिंता हो गयी की अभी तक उसका लड़का घर वापस क्यों नहीं आया है? वह अपने लड़के के बारे में जानने के लिए फूफा के पास गया और बोला, फूफा मेरा लड़का कहाँ है? वह अभी तक घर वापस क्यों नहीं आया है?फूफा ने कहा, क्या बताऊँ मामा, रास्ते में एक चील तुम्हारे लड़के को उठा कर ले गयी। मामा बोला, ये कैसे हो सकता है, भला कोई चील 12 साल के लड़के को उठा कर ले जा सकती है? सीधी तरह मेरा लड़का मुझे वापस करों, नहीं तो मैं राजा भीम के पास जाऊंगा। फूफा बोला, ठीक है मामा, चलो राजा जी के पास चले, अब वही न्याय करेंगे। मामला वहां के राजा भीम के सामने पेश हुआ। राजा भीम ने सारी बात सुनी और आश्चर्यचकित होते हुए फूफा से कहा, देखो फूफा तुम झूठ बोल रहे हो, भला कोई चील 12 वर्ष के लड़के को उठा कर अपने पंजो से आसमान में ले जा सकती है?इस पर फूफा ने उत्तर दिया, कथा कहूँ कथावली, सुनो राजा भीम। लोहा को घुनन खाय, तो लड़का ले गया चील। इस पर राजा भीम सब समझ गये और उन्होंने मामा को आज्ञा दी की वह फूफा का लोहा वापस कर दे। और फूफा को कहा कि वह लड़के को मामा के पास वापस पहुंचा दे।

बाल कहानी

गजराज और मूषकराज

प्राचीन काल में एक नदी के किनारे बसा नगर व्यापार का केन्द्र था। फिर आए उस नगर के बुरे दिन, जब एक वर्ष भारी वर्षा हुई। नदी ने अपना रास्ता बदल दिया। लोगों के लिए पीने का पानी न रहा और देखते ही देखते नगर वीरान हो गया अब वह जगह केवल चूहों के लायक रह गई। चारों ओर चूहे ही चूहे नजर आने लगे। चूहो का पूरा साम्राज्य ही स्थापित हो गया। चूहों के उस साम्राज्य का राजा बना मूषकराज चूहा। चूहों का भाग्य देखो, उनके बसने के बाद नगर के बाहर जमीन से एक पानी का स्त्रोत फूट पड़ा और वह एक बड़ा जलाशय बन गया। नगर से कुछ ही दूर एक घना जंगल था। जंगल में अनगिनत हाथी रहते थे। उनका राजा गजराज नामक एक विशाल हाथी था। उस जंगल क्षेत्र में भयानक सूखा पड़ा। जीव-जन्तु पानी की तलाश में इधर-उधर मारे-मारे फिरने लगे। भारी भरकम शरीर वाले हाथियों की तो दुर्दशा हो गई। हाथियों के बच्चे प्यास से व्याकुल होकर चिल्लाने व दम तोड़ने लगे। गजराज खुद सूखे की समस्या से चिंतित था और हाथियों का कष्ट जानता था। एक दिन गजराज की मित्र चील ने आकर खबर दी कि खंडहर बने नगर के दूसरी ओर एक जलाशय हैं। गजराज ने सबको तुरंत उस जलाशय की ओर चलने का आदेश दिया। सैकड़ों हाथी प्यास बुझाने ड़ोलते हुए चल पड़े। जलाशय तक पहुंचने के लिए उन्हें खंडहर बने नगर के बीच से गुजरना पड़ा। हाथियों के हजारों पैर चूहों को रौंदते हुए निकल गए। हजारों चूहे मारे गए। खंडहर नगर की सड़कें चूहों के खून-मांस के कीचड़ से लथपथ हो गई। मुसीबत यहीं खत्म नहीं हुई। हाथियों का दल फिर उसी रास्ते से लौटा। हाथी रोज उसी मार्ग से पानी पीने जाने लगे। काफी सोचने-विचारने के बाद मूषकराज के मंत्रियों ने कहा महाराज, आपको ही जाकर गजराज से बात करनी चाहिए। वह दयालु हाथी हैं। मूषकराज हाथियों के वन में गया। एक बड़े पेड़ के नीचे गजराज खड़ा था। मूषकराज उसके सामने के बड़े पत्थर के ऊपर चढा और गजराज को नमस्कार करके बोला -गजराज को मूषकराज का नमस्कार। हे महान हाथी, मैं एक निवेदन करना चाहता हूं। आवाज गजराज के कानों तक नहीं पहुंच रही थी। दयालु गजराज उसकी बात सुनने के लिए नीचे बैठ गया और अपना एक कान पत्थर पर चढे मूषकराज के निकट ले जाकर बोला नन्हें मियां, आप कुछ कह रहे थे। कपया फिर से कहिए। मूषकराज बोला हे गजराज, मुझे चूहा कहते हैं। हम बड़ी संख्या में खंडहर बनी नगरी में रहते हैं। मैं उनका मूषकराज हूं। आपके हाथी रोज जलाशय तक जाने के लिए नगरी के बीच से गुजरते हैं। हर बार उनके पैरों तले कुचले जाकर हजारों चूहे मरते हैं। यह मूषक संहार बंद न हुआ तो हम नष्ट हो जाएंगे। गजराज ने दुख भरे स्वर में कहा मूषकराज, आपकी बात सुन मुझे बहुत शोक हुआ। हमें ज्ञान ही नहीं था कि हम इतना अनर्थ कर रहे हैं। हम नया रास्ता ढूढ लेंगे। मूषकराज क?तज्ञता भरे स्वर में बोला गजराज, आपने मुझ जैसे छोटे जीव की बात ध्यान से सुनी। आपका धन्यवाद। गजराज, कभी हमारी जरुरत पड़े तो याद जरुर कीजिएगा। गजराज ने सोचा कि यह नन्हा जीव हमारे किसी काम क्या आएगा। सो उसने केवल मुस्कुराकर मूषकराज को विदा किया। कुछ दिन बाद पड़ौसी देश के राजा ने सेना को मजबूत बनाने के लिए उसमें हाथी शामिल करने का निर्णय लिया। राजा के लोग हाथी पकड़ने आए। जंगल में आकर वे चुपचाप कई प्रकार के जाल बिछाकर चले जाते हैं। सैकड़ों हाथी पकड़ लिए गए। एक रात हाथियों के पकड़े जाने से चिंतित गजराज जंगल में घूम रहे थे कि उनका पैर सूखी पत्तियों के नीचे छल से दबाकर रखे रस्सी के फंदे में फंस जाता हैं। जैसे ही गजराज ने पैर आगे बढाया रस्सा कस गया। रस्से का दूसरा सिरा एक पेड़ के मोटे तने से मजबूती से बंधा था। गजराज चिंघाड़ने लगा। उसने अपने सेवकों को पुकारा, लेकिन कोई नहीं आया।कौन फंदे में फंसे हाथी के निकट आएगा? एक युवा जंगली भैंसा गजराज का बहुत आदर करता था। जब वह भैंसा छोटा था तो एक बार वह एक गड्ढे में जा गिरा था। उसकी चिल्लाहट सुनकर गजराज ने उसकी जाअन बचाई थी। चिंघाड़ सुनकर वह दौड़ा और फंदे में फंसे गजराज के पास पहुंचा। गजराज की हालत देख उसे बहुत धक्का लगा। वह चीखा यह कैसा अन्याय हैं? गजराज, बताइए क्या करुं? मैं आपको छुड़ाने के लिए अपनी जान भी दे सकता हूं। गजराज बोले बेटा, तुम बस दौड़कर खंडहर नगरी जाओ और चूहों के राजा मूषकराजा को सारा हाल बताना। उससे कहना कि मेरी सारी आस टूट चुकी हैं।

भैंसा अपनी पूरी शक्ति से दौड़ा-दौड़ा मूषकराज के पास गया और सारी बात बताई। मूषकराज तुरंत अपने बीस-तीस सैनिकों के साथ भैंसे की पीठ पर बैठा और वो शीघ्र ही गजराज के पास पहुंचे। चूहे भैंसे की पीठ पर से कूदकर फंदे की रस्सी कुतरने लगे। कुछ ही देर में फंदे की रस्सी कट गई व गजराज आजाद हो गए।

सीख: आपसी सदभाव व प्रेम सदा एक दूसरे के कष्टों को हर लेते हैं।

सार्वजनिक भूमि से हटाए जाए अवैध कब्जा: अंजनी कुमार

थाना समाधान दिवस में डीएम, एसपी ने दन्नाहार में सुनीं शिकायतें

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना दन्नाहार में जन-शिकायतें सुनने के दौरान जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह के सम्मुख जब उधन्ना निवासी करन सिंह यादव ने अपने शिकायती प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि गाटा संख्या-1486, 3559 पर गांव के दबंग अजंट सिंह ने अनाधिकृत कब्जे की नियत से मेढ़ तोड़ दी है, जिस पर उन्होने क्षेत्रीय लेखपाल से कहा कि पुलिस के साथ मौके पर जाकर भूमि की पैमाइश करें यदि किसी के द्वारा अनाधिकृत कब्जा किया गया हो तो उसे तत्काल हटवाया जाये।

डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए कहा कि थाना दिवस में अधिकांश शिकायतें भूमि पर अवैध कब्जों की प्राप्त हो रही है, राजस्व, पुलिस विभाग के अधिकारी, कर्मचारी आपस में समन्वय स्थापित कर सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों के विरूद्व प्रभावी कार्यवाही करें, किसी भी दशा में कहीं भी सार्वजनिक भूमि पर अनाधिकृत कब्जा न रहे। उन्होने कहा कि कमजोर वर्ग के लोगों की भूमि पर कोई दबंग काबिज न रहे, जिनके द्वारा गरीब, कमजोर वर्ग के व्यक्तियों का शोषण किया जाए उनके विरुद्ध 151 में पाबंदी की कार्यवाही की जाए।

दो क्षेत्र में तैनात लेखपालों का रोस्टर बनाया जाए- श्री सिंह ने जन-शिकायतें सुनने के दौरान जब क्षेत्रीय लेखपालों के बारे में जानकारी की तो बताया कि ग्राम उधन्ना के लेखपाल गौरव गुप्ता, ग्राम चिरौलिया की दीक्षा बौद्ध, ग्राम कल्होर के लेखपाल राजेश यादव थाना समाधान दिवस में उपस्थित नहीं हुये, कुछ समय पश्चात लेखपाल राजेश यादव समाधान दिवस पहुंचे, उनके द्वारा बताया गया कि उनका कुछ क्षेत्र थाना घिरोर में लगता है, जिस कारण वह थाना घिरोर में उपस्थित थे, जिस पर उन्होने तहसीलदार सदर सहित अन्य सभी तहसीलदारों को निर्देशित करते हुये कहा कि जिन लेखपालों के ग्राम 02 थाना क्षेत्रों में हैं, उनका रोस्टर बनाया जाये ताकि जानकारी रहे कि कौन लेखपाल किस थाने में मौजूद रहेगा।

प्राप्त शिकायतों पर टीम गठित कर भेजी जाए

डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर प्राप्त शिकायतों पर थाने से ही राजस्व, पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजी जाए और यथासम्भव उसी दिन समस्या का निदान किया जाये ताकि फरियादी को तत्काल राहत मिले और आमजन के बीच संदेश पहुंचे कि शासन-प्रशासन उनकी शिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापरक निराकरण के प्रति संवेदनशील है।

थाना समाधान दिवस में इन्होने की शिकायत

थाना दन्नाहार में जन-शिकायतें सुनने के दौरान कल्होर नि. महेन्द्र पाल ने पड़ोसी अनिल कुमार द्वारा प्रताड़ित किये जाने, नगला मढ़ा नि. जंगबहादुर ने गाटा संख्या-1298 पर सिंचाई हेतु बोरिंग है, जिस पर सुरेश सिंह, अनिल, दीपक आदि जबरिया कब्जा करने, मेढ़ पर लगे पेड़ काटने की शिकायत अपने प्रार्थना पत्रों के माध्यम से की, जिस पर उन्होने थानाध्यक्ष दन्नाहार को आज ही पुलिस, राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर भेजकर उक्त शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा, थानाध्यक्ष दन्नाहार के अलावा अनुज कुमार, राजस्व निरीक्षक, क्षेत्रीय लेखपाल आदि उपस्थित रहे।

संरक्षित प्रजाति के तेंदुए का पैनल ने किया पोस्टमार्टम

सड़क पार करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से हुई थी मौत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी/भोगांव। संरक्षित प्रजाति के तेंदुए के शव का पांच सदस्यीय चिकित्सकों के पैनल ने मैनपुरी रोड स्थित नवीन कृषि मंडी के नजदीक खाली पड़े मैदान में पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के उपरांत तेंदुए का वन विभाग की टीम द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार की रात्रि करीब आठ बजे बेवर थाना क्षेत्र के नवीगंज के पास स्थित गांव नेकामऊ के निकट नेशनल हाई-वे 34 पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से संरक्षित प्रजाति के तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई थी। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए वन कार्यालय भोगांव भेजा था। शनिवार को वन विभाग ने पांच पशु चिकित्सकों की टीम ने नवीन कृषि मंडी में खाली पड़े मैदान में तेंदुए का पोस्टमार्टम डॉ अफरोज खान वेबर, डॉ मिना कुमारी, कमलेश तिवारी आदि ने द्वारा किया गया।

जहां तेंदुए का शव मिला वहां सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे

इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी विपिन मिश्रा विवेकानंद दुवे का कहना है कि प्रथम दृष्टया तेंदुए की मौत एक्सीडेंट से होना लगता है फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर सही जानकारी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि इस प्रजाति के तेंदुए जनपद फरुर्खाबाद की कटरी में पाए जाते है। उन्होंने कहा कि तेंदुआ भटक कर इस क्षेत्र में आ गया, इस बात की छानवीन की जा रही है। जिस स्थान पर तेंदुआ मरा हुआ पाया गया है उस स्थान के आस पास सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। पोस्टमार्टम के उपरांत तेंदुए का अंतिम संस्कार कर दिया गया गया। इस मौके पर बलबीर सिंह, विपिन रावत आदि लोग मौजूद रहे।

छोटी खबरें

भागवत कथा से होता है मानव को कर्तव्यबोध: आचार्य

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

श्रीमद्भागवत कथा का तीसरे दिन आचार्य ने की ज्ञान की बर्षा

बेवर/मैनपुरी। कस्बा बेवर स्थित गुडमंडी में गोयल परिवार की ओर उनके आवास परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन शनिवार को शोभन सरकार कानपुर से पधारे कथा व्यास आचार्य अनिल कुमार पांडेय ने कहा कि मनुष्यों का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है। विडंबना ये है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं। निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। कथा व्यास ने कहा कि प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं। साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है। जबकि शरीर नश्वर है। उन्होंने कहा कि भागवत बताता है कि कर्म ऐसा करो जो निष्काम हो वहीं सच्ची भक्ति है। इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित सुरेश चंद्र त्रिपाठी, परीक्षित विजय गोयल एवं विजयलक्ष्मी गोयल, जगदीश गुप्ता, सुमित गुप्ता, शंशाक, भानुप्रकाश तिवारी, विनोद कुमार, राजू गुप्ता, निवर्तमान चेयरमैन सुनीति गुप्ता, अनिल गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। वहीं आचार्य तथा वेदी का पूजन किया। आचार्यकुलम हरिद्वार के कक्षा नौ के छात्र शिवांग गुप्ता द्वारा कौन कहता है कि भगवान आते नहीं की शानदार प्रस्तुति देकर मौजूद श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। शिवांग गुप्ता कस्बा निवासी डॉक्टर शुभि नन्दन गुप्ता के पुत्र है और वे शिक्षा आरंभ से ही हरिद्वार शिक्षा दीक्षा ले रहे हैं।

सूचना पर पहुंची पुलिस पर ही कर दिया हमला

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

कुरावली/मैनपुरी। कानपुर के बिकरु में पुलिस पर कातिलाना हमला होने पर आठ पुलिसकर्मियों की मौत के बाद जिस तरीके से हत्यारोपी विकास दुबे की गाड़ी पलटी थी, यह बात सभी के जेहन में अभी तक जिंदा है। फिर भी कुछ दबंग योगी बाबा की पुलिस पर हमला करने से बाज नहीं आ रहे है। बीते दिन झगड़ा की सूचना पर क्षेत्र के गांव लखौरा पहुंची डायल 112 पुलिस पर दबंगो ने हमला कर दिया। पुलिस ने मौके से तीन को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपी भागने में सफल रहे है। थाना क्षेत्र के गांव लखौरा निवासी मिन्टू पुत्र छोटेलाल द्वारा 24 अक्टूबर को डायल 112 पर शिकायत की, सूचना पर हैड कांस्टेबल राजेश कुमार अन्य पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुचे। जहां झगड़ा कर रहे व्यक्ति रिन्कू पुत्र सुघर सिंह दिवाकर, सोमेश शर्मा पुत्र राकेश शर्मा और आशिक पुत्र मिन्टू दिवाकर निवासीगण गांव लखौरा उग्र हो गए और सरकारी काम मे बाधा पहुचाते हुए पुलिस से ही मारपीट करने लगे और वर्दी फाड़ दी। पुलिस से मारपीट की सूचना पर हड़कंप मच गया और मौके पर अतिरिक्त पुलिसवल पहुंच गया, जिसके बाद पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामले का संज्ञान लेते हुए इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की है।

फांसी के फन्दे से लटका मिला युवक का शव

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

भोगांव/मैनपुरी। अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शुक्रवार की रात 10 बजे ग्राम नगला खन्दारी आलीपुर पट्टी निवासी के 35 वर्षीय शिवा उर्फ भीमा पुत्र स्व0 चन्द्र प्रकाश ने अपने घर के पास बने टावर के सामने कूड़ा घर में जाकर गमंछा से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। काफी देर बाद जब वह वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश की तो उसका शव लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने दवी जवान में बताया कि मृतक विभिन्न प्रकार के नशे का आदी था।

भैया दूज पर आई विवाहिता वापस नहीं पहुंची ससुयल

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

बेवर/मैनपुरी। भैया दूज त्योहार पर मायके आई विवाहिता वापस ससुराल जाने के लिए निकली थी, लेकिन जब वापस नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसे काफी तलाश किया, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित पिता द्वारा मामले की तहरीर थाने पर दी गई है। थाने पर तहरीर देते हुए थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने कि 23 अक्टूबर को उनकी विवाहित पुत्री भैया दूज पर मायके आई थी। 24 अक्टूबर को शाम साढ़े चार बजे उनका पुत्र पुत्री को घर जाने के लिए बेवर बस स्टैंड छोड़ आया था, लेकिन देर रात तक जब वह घर नहीं पहुंची तो परिजनों ने उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पुत्री आभूषण पहने है तथा उसके साथ एक एंड्रॉयड मोबाइल भी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

संत प्रेमानंद महाराज के दर्शन को दंडवत यात्रा पर श्रद्धालु

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

बेवर/मैनपुरी। कस्बा में संत प्रेमानंद महाराज जी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना को लेकर निकले यात्रियों का नगर की सीमा पर उत्साह वर्धन किया गया। दोनों श्रद्धालु पैदल दंडवत प्रणाम करते हुए 17 अगस्त से निकले हैं जो आने वाले दिनों में मथुरा पहुंचकर प्रेमानंद जी महाराज जी का दर्शन करेंगे। शुक्रवार को कस्वा के जीटी रोड पर नहर निरीक्षण भवन के पास समरथ नगर काकोरी स्टेशन लखनऊ से आये पैदल दंडवत यात्रा पर निकले बिकाश व उसके चचेरे भाई सावन का मौके पर मौजूद लोगों ने हालचाल पूछा तथा उनका उत्साह वर्धन भी किया उक्त यात्री 17 अगस्त से यात्रा पर निकले हैं। संत प्रेमानंद महाराज के प्रति इनकी श्रद्धा को देखकर हर कोई व्यक्ति इनके हौसले को सलाम कर रहा है। इस मौके पर राहुल, अवनीश लकी, दिनेश आदि मौजूद रहे।

मैनपुरी में रफ्तार के कहर ने ले ली युवक की जान

एक घंटे तक स्टेयरिंग में फंसा हनी लड़ता रहा जिंदगी और मौत से जंग

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी/किशनी। थाना क्षेत्र के बिधूना चौराहे से हरचंदपुर की ओर जाने वाले मार्ग पर शुक्रवार की रात्रि एक भीषण सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। कार और टैंकर में जोरदार भिड़ंत हुई थी। कार सवार युवक स्टेयरिंग में फंस गया। एक घंटे तक वह अपनी जिंदगी की जंग लड़ता रहा। मगर, अंतत मौत जीत गई। युवक को कड़ी मशक्कत के बाद कार से बाहर निकाला गया, लेकिन पीजीआई सैफई में इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है।

थाना क्षेत्र के गांव हिम्मतपुर निवासी 25 वर्षीय अनुपम यादव उर्फ हनी पुत्र संजीव यादव शुक्रवार की रात्रि करीब 11 बजे बिधूना चौराहे से हरचंदपुर की ओर अपनी कार से घर लौट रहे थे। तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार टैंकर से उनकी कार की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे खेत में उतर गया, जबकि कार चला रहा हनी स्टेयरिंग में बुरी तरह से फंस गया। हादसे की सूचना मिलते ही हरचंदपुर प्रधान सुखदेव तोमर, थानाध्यक्ष ललित भाटी, चेयरमैन प्रतिनिधि डैनी यादव, फायर टेंडर, पुलिसकर्मियों और ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई।

हनी को निकालने के लिए की गई कड़ी मशक्कत- परिजनों की आंखों के सामने ही सबने हनी को निकालने के लिए एक घंटे तक कड़ी मशक्कत की। लोहा काटकर, खींचकर, किसी तरह युवक को कार के मलबे से बाहर निकाला जा सका। गंभीर रूप से घायल हनी यादव को तत्काल सीएचसी ले जाया गया, जहां उसकी नाजुक हालत देखते हुए डॉक्टरों ने उसे पीजीआई सैफई रेफर कर दिया। सैफई में इलाज शुरू होने के महज आधे घंटे बाद ही हनी ने दम तोड़ दिया।

हिम्मतपुर गांव में शोक की लहर

हनी की मौत की खबर सुनते ही परिजन रो उठे। मौके पर रात में ही पूर्व एमएलसी अरविंद यादव भी पहुंचे। युवक की मौत से हिम्मतपुर गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। शनिवार को सैफई में मृतक का पोस्टमार्टम कराने की पुलिस ने प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को गांव लाया जाएगा।

किशनी में भगवान शिवजी की बरात पर फूलों की बारिश

व्यापार मंडल अध्यक्ष व थानाध्यक्ष ने फीता काटकर किया रवाना

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

किशनी/मैनपुरी। शनिवार को नगर में धूमधाम से शिव बारात निकाली गयी। रामलीला में भगवान के आकर्षक स्वरूपों ने मन मोह लिया। करीब दो दर्जन विशालकाय रथों पर सवार भगवान के स्वरूपों की झांकियों से सजी बारात ने पूरे नगर का भ्रमण किया।

व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद गुप्ता व थानाध्यक्ष ललित भाटी, भाजपा के पूर्व जिला महामंत्री रमाशंकर तिवारी तथा समाजसेवी रमेश गुप्ता ने संयुक्त रूप से फीता काटकर बारात को रवाना कराया। उन्होंने भगवान शंकर की आरती कर आशीर्वाद लिया। शिव बारात सदर बाजार, हवेली, रामनगर तिराहा, बाईपास, रोडवेज बस स्टैंड नगर, प्राइवेट बस स्टैंड में भ्रमण करती हुई वापस रामलीला ग्राउंड में आकर समाप्त हुई। इस मौके युवा रामलीला के अध्यक्ष राहुल चौहान, पूर्व चेयरमैन अनिल मिश्रा, पंकज चौहान, राजीव गुप्ता, दिनेश शर्मा, नीरज पांडे, घासीराम शाक्य, इंद्रेश पांडे, रमाकान्त मिश्रा, अमित तिवारी, राजा दुबे, देवेंद्र श्रीवास्तव, आदेश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, कौशलेन्द्र चौहान, दीपू गुप्ता, रमाकांत गुप्ता, बीटू यादव, शाश्वत चौहान, बॉबी भदौरिया, रमाकान्त गुप्ता, चुनमुन तिवारी, मंगल रावत, रवि चौहान, शायल कुमार, अमित कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। थानाध्यक्ष के साथ बारात की सुरक्षा में भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

सलेमपुर रामलीला का इंस्पेक्टर ने फीता काटकर किया शुभारंभ

रामलीला में कलाकारों ने पहले दिन किया नारद मोह लीला का मंचन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

कुरावली/मैनपुरी। क्षेत्र के गांव सलेमपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में रामलीला का शुभारंभ किया गया। 11 दिन चलने वाला रामलीला कई सदियों से होता आ रहा है। मुख्यअतिथि के रुप में भाग लेने पहुंचे कोतवाली इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह चौहान ने फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ किया। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजीव सिंह राठौर व आयोजक सुजीत सिंह राठौर ने कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मुख्य अतिथि इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह चौहान का मुकुट पहनाकर राधा रानी का चित्र भेंट करके माल्यार्पण करते हुये सम्मान किया। प्रागंण में बैठे श्रद्धालुओं ने भी उनका तालियों से स्वागत किया।

क्षेत्र के गांव सलेमपुर में श्री देवी मंदिर परिसर में आयोजित आदर्श रामलीला शुक्रवार को श्री रामलीला का शुभारंभ नारद मोह के साथ हुआ। सलेमपुर आदर्श रामलीला में पहले दिन श्री गणेश जी की पूजा अर्चना कर आरती की गई। इसके उपरांत कलाकारों ने नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। भगवान शिव ने माता पार्वती को राम कथा श्रवण कराने के प्रसंग का मंचन हुआ। देव ऋषि नारद की तपस्या से स्वर्ग लोक में इंद्र का सिंहासन कांपने लगा। इससे भयभीत होकर इंद्र ने कामदेव को अप्सराओं के साथ नारद मुनि की तपस्या को भंग करने के लिए भेजा, लेकिन अनेक प्रयासों के बावजूद नारद जी की तपस्या भंग नहीं होती।

कामदेव पर विजय प्राप्त कर लेने से नारद के मन में अभिमान जग जाता है और भगवान विष्णु अपने परम भक्त के अहंकार को दूर करने के लिए लीला रचते हैं। विश्व मोहिनी की सुंदरता पर मोहित होकर नारद अपने आराध्य भगवान विष्णु से सुंदर रूप मांगते हैं। लेकिन विष्णु उन्हें बंदर का स्वरूप दे देते हैं। इससे नारद मुनि को स्वयंवर सभा में मजाक का पात्र बनना पड़ता है और भगवान विष्णु उस कन्या का वरण कर लेते हैं इससे क्रोधित होकर नारद भावावेश में आकर भगवान विष्णु को श्राप दे देते हैं कि जिस तरह वह नारी वियोग की पीड़ा से गुजर रहे हैं, उसी तरह विष्णु जी को भी नारी वियोग का कष्ट झेलना पड़ेगा और यही बंदर उनकी सहायता करेंगे। बाद में नारद को अपने कथन पर पछतावा होता है।

इस मौके पर मीडिया प्रभारी गोबिंद मिश्रा, उपाध्यक्ष प्रदीप राठौर, कोषाध्यक्ष नितिन सक्सेना, शिवकुमार मिश्रा, विनोद राठौर, बंटू राठौर, राघवेंद्र सिंह, अमित भदौरिया, राजकुमार सिंह राठौर, कल्याण सिंह कल्लू, जितेंद्र सिंह, ध्रुव सिंह राठौर, अभय सिंह, सचिन मिश्रा, निखिल कठेरिया, विमलेश यादव, अभिषेक भदौरिया, विनीत श्रीवास्तव, विवेक राठौर, अखलेश दिवाकर, राजकिशोर जाटव, बलवीर पाल आदि श्रद्धालू मौजूद रहे।

दीवाली पर हुई मारपीट, पुलिस ने नही की कार्रवाई

नाराज ग्रामीणों ने थाने के सामने खड़े होकर किया प्रदर्शन

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

किशनी/मैनपुरी। क्षेत्र के थाना किशनी पर आयोजित समाधान दिवस के मौके पर जब तहसीलदार घासीराम लोगों की समस्याये सुन रहे थे। ठीक उसी समय गांव कछपुरा महोली के आधा सैकड़ा से ज्यादा जिनमे महिलाओं की बड़ी संख्या थी ने थाने के सामने आकर जमकर प्रदर्शन किया। उनका कहना था कि 20 अक्टूबर दीपावली की शाम पटाखा चलाने को लेकर दूसरे पक्ष ने जमकर मारपीट की। घायलों का मेडिकल भी हुआ पर पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई थी जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। जिसकी शिकायत थाने पर की गई थी जिसके बाद पुलिस ने मेडिकल भी करवाया था। उसके बाद रिपोर्ट दर्ज न होने व नामजदों पर कार्यवाही न होने से नाराज ग्रामीण व महिलाएं थाने आये और प्रदर्शन कर कार्यवाही की मांग की है। प्रदर्शन करने वालों में सोनम, राधा सुधीर कुमार रिंकू बृजेश बसंत राहुल बलराम सुनील विश्राम रामपूर्ति गीता देवी नीरज सरस्वती योगी वंदना राम सिंह विनीत आदि

क्या बोले सीओ भोगांव

क्षेत्राधिकारी ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि मुकद्दमा लिखा हुआ है। उन्होंने थानाध्यक्ष ललित भाटी को आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करने को कहा है।

बैनामा रजिस्टर्ड कराने में अधिवक्ता और लेखक परेशान

तहसील में पिछले 16 दिनों से सर्वर कर रहा रुक रुककर काम

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

भोगांव/मैनपुरी। तहसील में बीते सोलह दिनों में बैनामे रजिस्टर्ड होने में सरवर के रुक रुक कर चलने से बैनामा करने और कराने बालों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तहसील के अधिवक्ताओं से लेकर बैनामा लेखको भी परेशान नजर आए।

तहसील में स्थित उपनिबंधक कार्यालय आजकल आए दिन सर्वर धीमा चलने या सर्वर की कमी होने को लेकर चर्चा में है। अभिभाषक परिषद के अध्यक्ष प्रबोध विक्रम सिंह ने कहा कि सरवर में कमी का मामला पिछले 20 से 25 दिन से चल रहा है, जिसके चलते बैनामा करने ओर कराने बालों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है। बैनामा लेखक संघ के संरक्षक सच्चिदानंद तिवारी और अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश उर्फ चंदू ने बताया कि बीते 13 अक्टूबर से लेकर आज तक लगभग पचास बैनामे बिना रजिस्ट्री हुए निबंधन कार्यलय में पड़े धूलफांक रहे हैं कई बैनामा में पार्टी खरीददार से रुपया ले चुकी है और पूरी लिखा पढ़ी के बाबजूद बैनामा रजिस्ट्री नहीं हो रहा है। ऐसे लोगों को बेहद मुश्किल से एक एक दिन गुजरना पड़ रहा है वे रोज रोज लौटने से भयग्रस्त हैं।

सर्वर में पूरे प्रदेश में आ रहीं समस्या

इस संबंध में उपनिबंधक का कार्य कर रहे अशोक कुमार शर्मा ने बताया कि कहने को तो बैनामे सायंकाल छ बजे तक रजिस्ट्री किए जा रहे हैं लेकिन पूरे दिन में मुश्किल से दस या बारह बैनामे ही रजिस्ट्री हो पाते हैं जिससे उनके कार्यालय में पेंडेंसी बढ़ती जा रही है। उन्होंने सरवर की ये कमी पूरे प्रदेश की समस्या बताया।

आंखें फोड़ चश्मा दान करने का काम कर रही सरकार- विजय

#जीएसटी कम करने को लेकर सपा जिला प्रवक्ता ने साधा सरकार पर निशाना

मोर्निंग सिटी संवाददाता

गुरसहायगंज कन्नौज :भाजपा सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कमी करने को लेकर जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पहले कारों के माध्यम से जनता पर भारी बोझ डाला है भाजपा सरकार आंखें फोड़ कर चश्मा दान करने का काम कर रही है

पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि इंद्र कुमार गुप्ता के रेलवे रोड स्थित आवास पर उक्त बात पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी आदि के समक्ष सपा जिला प्रवक्ता विजय दुबे ने प्रेस वार्ता में कहीं उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में रामराज की बात करने वाली सरकार यह भूल गई है कि जिस प्रकार वर्तमान समय में अपराधों की घटनाओं में इजाफा हुआ है ऐसा पूर्व में कभी भी देखने को नहीं मिला है प्रदेश की जनता लगातार होने वाली घटनाओं एवं भाजपा की जन विरोधी नीतियों से त्रस्त हो चुकी है आगामी 2027 को होने वाले विधानसभा चुनाव में परिवर्तन की लहर समाजवादी पार्टी की जीत का आधार होगी जिला प्रवक्ता ने कहा कि भ्रष्टाचार एवं अपराधिक घटनाओं का रिकॉर्ड भाजपा सरकार मे टूट चुका है विभागों एवं पुलिस थानों में बैठे अधिकारी एवं बाबू खुलेआम गरीब जनता से धन उगाही में लगे हुए हैं विकास एवं बेरोजगार पर सरकार कोई ध्यान नहीं दे रही है भाजपा सरकार में सभी प्रकार के विकास कार्य सिर्फ कागजी रिकॉर्ड में ही सीमित रहते हैं हिंदू मुस्लिम एवं धार्मिक उन्मादों को हवा देकर भाजपा सिर्फ वोटो के ध्रुवीकरण का कार्य करती है कार्यक्रम में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी पूर्व पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि इंद्र कुमार गुप्ता ने भी अपने विचार व्यक्त किया इस दौरान उनके साथ नगर अध्यक्ष मुकीम खान पूर्व सभासद अयूब खान सपा नेता उत्कर्ष गुप्ता मनी गुप्ता आदि भी मौजूद रहे

फोटो परिचय प्रेस वार्ता करते सपा जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी एवं पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी आदि

एएमयू में ड्रोन टेक्नोलॉजी के उभरते उपयोगों पर हुआ कार्यक्रम का आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के इंटरडिसिप्लिनरी विभाग, रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस एप्लीकेशन्स विभाग ने ह्लइमर्जिंग ऐपलीकेशंस ऑफ ड्रोन टेक्नालोजी विद फिजिकल डेमोंस्ट्रेशनह्व विषय पर एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया। यह कार्यक्रम इंडियन सोसाइटी ऑफ रिमोट सेंसिंग (आईएसआरएस), अलीगढ़ चौप्टर के बैनर तले आयोजित किया गया। सत्र का उद्घाटन करते हुए प्रो. अकरम जावेद, सचिव, आईएसआरएस अलीगढ़ चौप्टर ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कार्यक्रम का परिचय कराया।

मुख्य वक्ता डॉ. हारिस हसन खान, अध्यक्ष, रिमोट सेंसिंग एंड जीआईएस एप्लीकेशन्स विभाग ने मानवरहित हवाई यान (यूएवी) अथवा ड्रोन तकनीक की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह आधुनिक जियोस्पेशियल डेटा अधिग्रहण, पर्यावरण निगरानी, प्रिसिशन कृषि, आपदा प्रबंधन, शहरी नियोजन और अवसंरचना मूल्यांकन के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से ड्रोन तकनीक उच्च-रिजॉल्यूशन इमेजिंग, त्वरित मानचित्रण तथा वास्तविक समय विश्लेषण के माध्यम से पृथ्वी अवलोकन और स्थानिक डेटा संग्रहण में नई दिशा प्रदान कर रही है। डॉ. खान ने ड्रोन संचालन से जुड़े विनियामक पहलुओं, सुरक्षा मानकों और रिमोट सेंसिंग व जीआईएस प्लेटफॉर्म्स के साथ डेटा एकीकरण पर भी चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को इस उभरते क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार के लिए प्रेरित किया।

सत्र के दौरान ड्रोन संचालन का लाइव डेमोंस्ट्रेशन भी प्रस्तुत किया गया, जिसमें उड़ान योजना, हवाई डेटा संग्रह और पोस्ट-प्रोसेसिंग की कार्यप्रणाली को प्रदर्शित किया गया। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मानचित्रण, भू-आकृति मॉडलिंग और वनस्पति विश्लेषण में ड्रोन के व्यावहारिक उपयोग को प्रत्यक्ष रूप से देखा। समापन भाषण में प्रो. काजी मजहर अली, अध्यक्ष, आईएसआरएस अलीगढ़ चौप्टर ने कहा कि जियोस्पेशियल साइंसेज में ड्रोन एक उभरती और परिवर्तनकारी तकनीक के रूप में तेजी से महत्व प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने विभाग द्वारा विद्यार्थियों और शोधकताओं में व्यावहारिक शिक्षण और तकनीकी जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रयासों की सराहना की। डॉ. रिजवान अहमद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

पिता गया जमानत करवाने और बेटी को ले उड़ा गांव का युवक

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। गोंडा थाना के एक गांव की किशोरी के पिता शांति भंग में अपनी जमानत करा रहे थे, उधर उनकी बेटी गांव के युवक के साथ फरार हो गई। पीडित पिता ने गांव के युवक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पीड़ित पिता ने बताया कि 23 अक्तूबर को उसमें और उसके बड़े भाई में भैंस के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया था, थाना पुलिस ने दोनों भाइयों को शांति भंग में निरुद्ध कर इगलास न्यायालय भेज दिया, जमानत के लिए पत्नी उसके साथ थी। घर पर 14 वर्ष की बेटी और और एक छोटी बेटी थी। शाम करीब छह बजे उसकी बड़ी बेटी आटा पिसवाने के बहाने से घर से चली गई और वापस लौटकर नहीं आई। उन्होंने गांव में आकर बेटी के बारे में जानकारी की तो पता चला उसे गांव का ज्ञानी शादी का झांसा देकर ले गया है।

शादी अनुदान योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक 27 अक्टूबर को

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में 27 अक्टूबर को अपरान्ह 12 :30 बजे से शादी अनुदान योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक आहुत की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी विनीत कुमार मलिक ने उक्त जानकारी देते हुए समिति के सदस्यों एवं सभी जनप्रतिनिधियों से अनुरोध किया है किवह नियत समय व स्थान पर बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें ताकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं सामान्य वर्ग की गरीब पुत्रियों की शादी अनुदान से संबंधित पात्र आवेदकों को लाभान्वित किए जाने की कार्यवाही की जा सके।

मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय बैठक 28 अक्टूबर को

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। मण्डलायुक्त संगीता सिंह की अध्यक्षता में विकास कार्यों, कानून व्यवस्था एवं राजस्व संग्रह की मण्डलीय बैठक 28 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से कमिश्नरी सभागार में आयोजित की जायेगी। अपर आयुक्त ने उक्त जानकारी देते हुए सभी मण्डलीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अद्यतन प्रगति रिपोर्ट सहित निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

छठ महापर्व के लिए सुरक्षा एवं भीड़ प्रबंधन एडवाइजरी जारी

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। आगामी छठ महापर्व के अवसर पर जनसुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा एवं दुर्घटनारहित आयोजन सुनिश्चित करने के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सुरक्षा हमारी जिम्मेदारीरू सुरक्षित छठ-सुखद छठह्व का संदेश देते हुए सुरक्षा एडवाइजरी जारी की गई है। प्रभारी अधिकारी आपदा ने डूबने से बचाव के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करते हुए श्रद्धालुओं से अपील की है कि केवल निर्धारित एवं सुरक्षित घाटों पर ही पूजा करें, घाटों पर उतरते समय फिसलन व पानी की गहराई का ध्यान रखें, अपने परिवार, बच्चों एवं बुजुर्गों को अकेला न छोड़ें, पुलिस, गोताखोर, स्वयंसेवक दल व प्रशासनिक अधिकारियों के निदेर्शों का पालन करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 या स्थानीय नियंत्रण कक्ष को सूचित करें। उन्होंने कहा कि नशे की हालत या थकान में पानी में न उतरें, अंधेरे या अनाधिकृत घाटों पर पूजा न करें, धक्का-मुक्की, सेल्फी या शोरगुल से बचें, तेज बहाव या गहरी जगहों पर न जाएँ। उन्होंने भीड़ प्रबंधन के लिए निर्देशित किया घाटों पर प्रवेश एवं निकास मार्ग अलग-अलग रखें।

पुलिस, होमगार्ड एवं स्वयंसेवक दल द्वारा निरंतर घाटों पर निगरानी बनाए रखें। घाटों पर पर्याप्त प्रकाश, बैरिकेडिंग एवं रस्सी की व्यवस्था रहे। एम्बुलेंस, चिकित्सा दल व फायर सर्विस तत्पर रहें। लाउडस्पीकर से जनसंदेश व दिशा-निर्देश लगातार प्रसारित किए जाएँ। उन्होंने निर्देशित किया कि एक समय में अत्यधिक भीड़ को घाट पर एकत्र न होने दें। आतिशबाजी, अस्थायी स्टॉल या बाधा उत्पन्न करने वाले आयोजन की अनुमति नहीं है।

गोंडा में जमीनी विवाद के चलते भाई ने भाई को किया घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। गोंडा थाना क्षेत्र के कोढा गांव में संपत्ति विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई। इस घटना में एक भाई गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने गोंडा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना शुक्रवार की रात करीब 9.30 बजे हुई। कृष्ण कुमार पुत्र बरन सिंह अपने घर में सो रहा था। थे, तभी उनके भाई सरिया और लाठी लेकर उनके कमरे में घुस आए। भाई ने कृष्ण कुमार के ट्रैक्टर में आग लगाने की धमकी दी। मना करने पर सरिया से हमला करके घायल कर दिया। कृष्ण कुमार के शोर मचाने पर उनके बेटे पंकज उन्हें बचाने आए, तो हमलावरों ने उन्हें भी लाठी-डंडों से पीटा। गंभीर रूप से घायल कृष्ण कुमार को पहले गोंडा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल मलखान सिंह रेफर कर दिया गया। गोंडा थाने में इस संबंध में लिखित तहरीर दी गई है।

पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के कार्यकताओं ने जर्जर सड़कों एवं किसानों की समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष डॉक्टर शेरपाल सिंह सविता के नेतृत्व में अलीगढ़ सडको और किसानों की समास्या को लेकर प्रशासनिक अधिकारी अरून कुमार शर्मा को ज्ञापन दिया है।

उन्होने ज्ञापन के माध्यम से तस्वीर महल ऑवर ब्रिज पर गड्ढो के कारण जर्जर हालत के बारे मे अवगत कराया।

जिससे कि टू व्हीलर फोर व्हीलर चलाने वालों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रामघाट रोड रामबाग कॉलोनी से क्वार्सी थाने तक रोड में काफी गड्ढे हैं। मीनाक्षी पुल चढ़ाई से लेकर दुबे का पड़ाव तक काफी गड्ढे हैं। बरछी बहादुर दरगाह की तरफ से ऊपर चढ़ते हुए बीच में काफी बड़ा गड्ढा है। कुवार्सी चुंगी से अमीन निशा रोड से मेडिकल रोड तक रोड काफी सड़क खराब है मेडिकल में मरीज को उन्होने कहा कि यूरिया डीएपी किसानों को नहीं मिल पा रही है ब्लैक में मिल रही है अब किसान अपने खेतों में गेहूं की फसल के लिए बीज डाल रहा है खाद नहीं मिल पा रहा है किसानों को धान का उचित मूल मिलना चाहिए।

ज्ञापन में देने वालों में मथुरा कोऑर्डिनेटर व पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर संतोष सिंह अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश महासचिव सागर सिंह तोमर अल्पसंख्यक विभाग के अलीगढ़ मंडल प्रभारी विंसेंट जोयल, अनीता करोतिया, सोशल मीडिया के शहर अध्यक्ष दीपेश सिंह, रामगोपाल रैना, डॉ जमील अहमद, प्रेमपाल कुशवाह, विजय चंदेल, प्रमोद कुमार शर्मा, जगदीश सविता, मुस्ताक अहमद, विनोद कुमार, सुनीता देवी, अनिल कुमार सविता, दीपक पाठक, कमलकांत शर्मा, सुरजीत शर्मा एडवोकेट, सत्य, राकेश गोस्वामी, प्रकाश एडवोकेट, गुलाम बारिश, समसुल नेताजी, जगदीश सविता, सुशील गुप्ता, प्रमोद कश्यप, बाबू खान, अबरार पठान आदि लोगों उपस्थित रहे।

अलीगढ़ में लोधा थाना क्षेत्र के चार मंदिरों पर लिखा आई लव मोहम्मद

करणी सेना कार्यकर्ता और पुलिस और में झड़प, ग्रामीणों ने किया हंगामा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। लोधा थाना इलाके के गांव भगवानपुर और बुलाकगढ़ी में शनिवार की सुबह मंदिरों और उनकी दीवारों पर ह्लआई लव मोहम्मदह्व लिखा पाया गया। ग्रामीणों ने इसे देखकर गुस्सा व्यक्त किया और मंदिरों के पास भारी संख्या में एकत्र हो गए।

ग्रामीणों ने इसकी जानकारी कन्ट्रोल रूम को दी। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। मौके पर पहुंची पुलिस ने मंदिर पर लिखे ष्आई लव मोहम्मद मिटाना शुरू कर दिया। जिसका विरोध गांव में रहने वाले और करणी सेना के कार्यकर्ता सचिन ने किया। विरोध करने पर पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की और थाने ले गई। इसके बाद ग्रामीणों

ने हंगामा शुरू कर दिया।

ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने सचिन के साथ मारपीट की। थाने ले जाकर बंद कर दिया। इस पर ग्रामीण भड़क गए। उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। इसी दौरान करणी सेना के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर ज्ञानेंद्र सिंह मौके पर पहुंच गए। उन्होंने पुलिस से बात की। इसके बाद पुलिस ने सचिन को थाने से छोड़ दिया। उधर, सूचना पर सीओ गभाना ने बताया कि सूचना पर घटनास्थल का निरीक्षण कर लिया है। 4 जगहों पर आई लव मोहम्मद लिखा था। शांति व्यवस्था के मद्दे नजर मिटा दिया है।

तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। अन्य अन्य पहलुओं पर पुलिस जांच पड़ताल करने में जुटी है।

पशु चोरों ने पुलिस पर चलाई गोली,पुलिस की फायरिंग में दो आरोपी घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। पुलिस ने एक मुठभेड के दौरान पशु चोर गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया। यह दोनों आरोपी कासगंज के रहने वाले है। एसपी ग्रामीण के मुताबिक आरोपियों ने पहले मौके से भागने की कोशिश की, लेकिन यू-टर्न लेने के दौरान उनकी मैक्स पिकअप गाड़ी पलट गई। जिसके बाद आरोपियों ने पुलिस से बचने के लिए गोली चला दी। पुलिस ने भी खुद को बचाते हुए आत्मरक्षा में फायरिंग की, जिसमें दो आरोपी घायल हुए हैं। जिला अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं एक आरोपी मौके का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।

एसपी ग्रामीण अमृत जैन ने बताया कि अतरौली, पालीमुकीमपुर, विजयनगर, हरदुआगंज समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार पशु चोरी की घटनाएं हो रही थी। 20-21 सितंबर की रात में भी गांव चपौटा में कुछ अपराधियों ने ग्रामीणों से मारपीट करके पशु चोरी कर लिए थे। मामला काफी बढ़ने के बाद एसएसपी नीरज जादौन ने भी पशु चोरी वाली जगहों का निरीक्षण किया था। थाना पालीमुकीमपुर से 5 भैंस व 2 कटिया, थाना क्षेत्र हरदुआगंज से 1 भैंस, थाना छर्रा से 1 भैंस, थाना दादों से 1 भैंस, थाना गभाना से 1 भैंस व 1 कटिया, थाना गोधा से 1 भैंस व थाना विजयगढ से 1 भैंस चोरी की गयी थी। जिसके बाद एसएसपी ने मामले के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया था। तभी सफेद मैक्स गाड़ी सामने से आती हुई नजर आई। इसमें आरोपी सवार थे। पुलिस ने आरोपियों को रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने पहले यूटर्न लेकर गाड़ी भगाई। तेजी से गाड़ी मोड़ने के कारण वह पलट गई, जिसके बाद आरोपियों ने बाहर निकलकर पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की।

पुलिस मुठभेड़ में कासगंज के दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं, जिनके पैर में गोली लगी है। पुलिस ने फिरोज पुत्र तोतिया उर्फ मुकेश बंजारा निवासी नदरई थाना कोतवाली जनपद कासगंज और आरिफ पुत्र शब्बीर उर्फ कन्होई निवासी नदरई थाना कोतवाली नगर जनपद कासगंज को गिरफ्तार किया है। वहीं इनका एक साथी यासीन पुत्र अब्दुल्ला निवासी अकराबाद थाना अकराबाद (अलीगढ़) मूल निवासी नदरई थाना कोतवाली नगर जनपद कासगंज और अन्य साथी मौके से फरार हो गए हैं। इनकी तलाश में दबिश दी जा रही है। यह आरोपी गैंग बनाकर अलीगढ़ आते थे और यहां से पशु चोरी करके साथ ले जाते थे। इसके बाद आरोपी पशु बेंच कर रकम को बांट लेते थे। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में अतरौली थाना प्रभारी सत्यवीर सिंह, एसआई अजय कुमार, एसआई योगेश कुमार, हेड कांस्टेबल उमाशंकर, कप्तान सिंह कांस्टेबल प्रवीण सिंह, विशाल और देहात और नगर की सर्विलासं व स्वॉट टीमें शामिल रही।

घोषित माफियाओं को पोषित करने में लगा हुआ है अलीगढ़ का जिला पूर्ति विभाग

वर्तमान डीएसओ के आने के बाद नाम मात्र की भी नहीं हुई है राशन माफियाओं पर कार्रवाई

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। वर्तमान में जनपद अलीगढ़ के जिला पूर्ति अधिकारी कुछ ज्यादा ही भक्तिमय प्रवृत्ति के हैं , जिनके द्वारा जनपद के किसी भी राशन माफिया के विरुद्ध नाम मात्र की भी कार्रवाई को अंजाम नहीं दिया जा रहा है।

सूत्रों के अनुसार डीएसओ साहब किसी भी माफिया प्रवृत्ति के व्यक्ति को परेशान करने में रुचि नहीं रखते हैं। ज्यादा से ज्यादा समय केवल अपना भक्तिरस में देना चाहते हैं, जिसका सीधा-सीधा उदाहरण है पिछले डीएसओ अभिनव सिंह के जाने के बाद वर्तमान में कार्यरत डीएसओ साहब सत्यवीर सिंह के द्वारा नाम मात्र की भी कार्रवाई किसी भी राशन माफिया के विरुद्ध ना करना। यह साफ-साफ दशार्ता है कि किस तरह घोषित माफियाओं को जिला पूर्ति विभाग के द्वारा पोषित किया जा रहा है। कभी-कभी तो ऐसा प्रतीत होता है कि राशन डीलर के द्वारा जनता को दिया जाने वाला राशन जो कि फेरी वालों के द्वारा माफियाओं तक पहुंचता है, इस क्रम को ही बंद कर देना चाहिए। सीधे-सीधे विभाग द्वारा ही माफियाओं को सुपुर्द कर देना चाहिए। लेकिन इसमें बड़ी दिक्कत यह है कि फेरी वालों के पेट पर प्रहार करने वाली बात रहेगी। क्योंकि गली-गली जाकर फेरी वाले जो राशन इकट्ठा करते हैं उसमें भी कुछ दुआएं तो विभाग को मिल ही जाती होंगी लेकिन बड़ा सवाल यह है कि पूरे जनपद में धड़ल्ले से चल रहे इस कार्य को आखिर कानूनी रूप से सही कैसे मान लिया जाए। माफियाओं के द्वारा खाद्यान्न के फर्जी बिल पहले से तैयार रखे जाते हैं और जांच किए जाने पर तुरंत प्रदर्शित कर दिए जाते हैं । लेकिन जांच भी नाम मात्र की जाती है । सिर्फ बिल से ही खाद्यान्न कानूनी प्रतीत नहीं होता है । इसके लिए एक-एक वस्तु का बिल चाहिए होता है, जिसमें जिन बोरियों में खाद्यान्न जा रहा है उन खाली बोरियों का बिल भी आवश्यक होता है। लेकिन खाना पूर्ति और सेवा शुल्क के चलते पूरी कार्रवाई पर पर्दा डाल दिया जाता है। शहर के बीचोबीच कावेरी वाटिका , जीवनगढ़ , रजानगर ,जयगंज ,रामलीला मैदान के पास आदि स्थान पर ऐसे गोदाम संचालित हो रहे हैं। जहां पर फेरी वाले गली-गली घूम कर राशन इकट्ठा करके लाते हैं और इन माफियाओं को तीन-चार रुपए किलो मुनाफे के हिसाब से बेचते हैं। जिनको यह माफिया अपने से बड़े माफिया को चार पहिया वाहन के द्वारा और बड़े माफिया बड़े-बड़े ट्रकों के द्वारा दिल्ली के लिए भेजते हैं। इस सब गोरखधंधे में एक सबसे खास बात यह भी है कि कुछ माफियाओं के द्वारा आंगनबाड़ी और राशन का सील पैक खाद्यान्न भी मौके से उतरवा कर आंगनबाड़ियों के माध्यम से खरीद लिया जाता है, जिसका एक मामला पहले भी विक्रम कॉलोनी स्थित एक कोटे के सेल्समैन के घर से सील पैक माल को माफियाओं के लिए प्लास्टिक की बोरी में तैयार करते हुए रंगे हाथ जिला पूर्ति विभाग की टीम और पुलिस के द्वारा पकड़ा गया था। लेकिन विभाग का खास होने के चलते उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

गांव कोढ़ा में कर्ज से परेशान व्यक्ति ने खाया

जहर, अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम

मोर्निंग सिटी संवाददाता

अलीगढ़। गोंडा थाना क्षेत्र में कर्ज से परेशान 42 वर्षीय युवक विजय सिंह ने जहर खा लिया। उसे अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार की शाम को हुई। कोढ़ा गांव निवासी विजय सिंह, जो अपने पिता पूरन सिंह के इकलौते बेटे थे, गोंडा में एक दुकान पर मजदूरी करते थे।

उन पर काफी कर्ज हो गया था। इसी कर्ज से तंग आकर उन्होंने 24 अक्टूबर की शाम बाजार से लाकर जहर पी लिया। जहर पीने के बाद उनकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें तत्काल अलीगढ़ ले जाया गया।

हालांकि, अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। विजय सिंह के तीन बच्चे थे, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल है। दोनों बेटियों की शादी हो चुकी है। उनकी मौत से परिवार का रो-रो कर बुरा हाल है। शनिवार को उनका पोस्टमॉर्टम कराया गया और फिर अंतिम संस्कार किया गया। गांव वालों ने बताया कि विजय सिंह पर बहुत कर्ज था, जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाया।

मैनपुरी शहर में भी जल जीवन मिशन का काम शुरू - आवास विकास कालोनी सहित पांच सेक्टरो को चुना गया

मोर्निंग सिटी संवाददाता

मैनपुरी। शासन स्तर से जल जीवन मिशन योजना ग्रामीण का संचालन कराया जा रहा है, लेकिन अब नगर को भी इससे जोड़ने की तैयारी है। पायलट प्रोजेक्ट के लिए आवास विकास कालोनी के सभी पांच सेक्टर को चुना गया है। दिसंबर तक कार्यदायी संस्था जल निगम के जिम्मेदारों को खोदाई से संबंधित कार्य पूर्ण करना है।

शहर की कालोनियों में नगर पालिका द्वारा अपनी लाइन से जलापूर्ति की जा रही है। आवास विकास कालोनी में बनी पानी की टंकी वर्षों पुरानी हो चुकी है। कुछ वर्ष बाद इसे निष्क्रिय घोषित कराए जाने की तैयारी है। उधर, लोगों को पेयजल से संबंधित समस्या न हो, इसके लिए शासन ने जल जीवन मिशन नगरीय के अंतर्गत नए सिरे से जलापूर्ति की तैयारी की है। पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आवास विकास कालोनी सभी पांच सेक्टर को शामिल किया गया है।

जल निगम को दिया पाइप लाइन बिछाने का जिम्मा

लाइन बिछाने का जिम्मा जल निगम को दिया गया है। शनिवार से आवास विकास कालोनी के सेक्टर एक में श्रमिकों की मदद से सड़कों की खोदाई का कार्य आरंभ करा दिया गया। सुपरवाइजर का कहना है कि हर घर तक पाइप लाइन पहुंचाई जाएगी। जिससे चौबीस घंटे लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके लिए नवीन टंकी का निर्माण भी लगभग पूर्ण हो चुका है।

खोदाई का कार्य लोगो की परेशानी बना

सुविधा के लिए कराया जा रहा कार्य लोगों के लिए परेशानी बढ़ा रहा है। श्रमिकों द्वारा सीसी और इंटरलाकिंग वाली गलियों को खोदा जा रहा है। पाइप डालकर मिट्टी से गड्ढे बंद किए जा रहे हैं। इससे पानी पड़ने से मिट्टी के बैठने से गड्ढे मुह फाडने लगे हैं।

क्या बोले सहायक अभियंता जल निगम

यह पायलट प्रोजेक्ट आवास विकास के लिए ही है। गड्ढे खोदकर उन्हें मिट्टी से बंद कराया जाएगा। सप्लाई लाइन चालू होते ही गड्ढों को सीमेंट से बंद कर दिया जाएगा। - अशोक गौतम, सहायक अभियंता, जल निगम, फिरोजाबाद इकाई।

युवती से दुराचार की कोशिश, नामजद पर रिपोर्ट

शिकायत करने पर आरोपी ने पीडिता की नानी को धमकाया, पुलिस ने नामजद आरोपी के विरुद्ध मामाल दर्ज कर कार्रवाई शुरू की

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। सहावर थाना क्षेत्र के एक गांव में रात में सोते समय एक युवती के साथ दुराचार के प्रयास का मामला सामने आया है। पीडिता की जानकारी पर परिजन शिकायत लेकर गए तो आरोपी उन्हें डरा धमकाकर भगा दिया। इस तरह का आरोप लगाते हुए पीडिता की नानी ने सहावर थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

सहावर थाना में दर्ज कराई रिपोर्ट में एक महिला ने बताया है कि उसके दामाद व बेटी की मृत्यु हो चुकी है। उसकी धेवती उसी के पास रहती है। गत 17 अक्तूबर को उसका बेटा आबिद घर से कहीं चला गया, इसी की तलाश के लिए वह थाना गई थी। अपनी धेवती को पडोसी अब्दुल सलाम के घर छोड़ गई। जब वह लौटकर आई तो उसकी धेवती ने बताया कि रिश्ते के मामू अब्दुल सलाम ने रात में सोते समय उसके साथ दुराचार का प्रयास किया, उसने चीखपुकार का प्रयास भी किया, लेकिन आरोपी ने उसका मुंह बंद कर लिया। इसके बाद वह शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंची। यहां आरोपी ने गाली गलौज कर उसे भगा दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

खेत पर किशोरी को सांप ने डसा, जिला अस्पताल में भर्ती

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। सहावर थाना क्षेत्र के भानपुर गांव की एक किशोरी को खेत पर सर्प ने डस लिया। उसे परिजनों ने उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। परिजनों के मुताबिक शनिवार की सुबह करीब नौ बजे 12 वर्षीय नीलम पुत्री नेकसे निवासी भानपुर सहावर अपने खेत पर जा रही थी, तभी उसके पैर की एडी में सर्प ने दंश मार दिया। जानकारी मिलते ही परिजन खेत पर पहुंच गए और किशोरी को उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए। चिकित्सकों ने किशोरी को भर्ती करके उपचार शुरू कर दिया है।

छोटी खबरें

विद्यालयों की रंगाई पुताई शत प्रतिशत कराई जाए

मोर्निंग सिटी संवाददाता

भोगांव/मैनपुरी। ब्लॉक शैक्षिक संसाधन केंद्र पर खंड शिक्षा अधिकारी सुल्तानगंज एवं विकासखंड के परिषदीय प्रधानाध्यापक इंचार्ज प्रधानाध्यापक की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी सर्वेश सिंह ने प्रधानाध्यापकों से कहा कि विद्यालयों की रंगाई पुताई शत प्रतिशत कराई जाए। इको क्लब मिशन लाइफ के अंतर्गत विद्यालय में कराई गई गतिविधियों पोर्टल पर अपलोड की जाए। विद्यांजलि पोर्टल पर अनिवार्य रूप से प्रत्येक विद्यालय का रजिस्ट्रेशन कराया जाए। इस अवसर पर अनुपस्थित रहे प्रधानाध्यापकों से स्पष्टीकरण मानव संपदा पर अपलोड करने हेतु संबंधित को आदेशित किया। बैठक में शिक्षकों ने अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर मुहम्मद रफी खान, दीपक तिवारी, संजीव दीक्षित, प्रसून पाण्डेय, रघुराज, जय करन राजपूत सर्वेश सिंह, अरुण कुमार शर्मा, अवनीश कुमार, दीपक सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।

घर में सो रही पुत्रियों को दबोचने का आरोप लगाकर दी तहरीर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

बेवर/मैनपुरी। थाना क्षेत्र के एक गांव में घर में सो रही किशोरियों को गांव के ही युवक द्वारा दबोचने तथा शिकायत करने से जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए किशोरियों की मां ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की तहरीर देते हुए एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वे 23अक्टूबर को भैया दौज पर अपने मायके गईं थीं। उनकी पुत्रियां घर पर अकेली थीं। रात 12बजे गांव के ही विपिन पुत्र ओमकार तथा छोटू उर्फ गौतम पुत्र शिवकुमार ने मुख्य दरवाजे की कुंडी खोलकर सो रही उनकी पुत्रियों को दबोच लिया। शोर शराबा मचाने पर उक्त दोनों युवक शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू की है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद आवश्यक कार्यवाई अमल में लाई जाएगी।

समाधान दिवस में आई तीन राजस्व संबंधी शिकायतें

मोर्निंग सिटी संवाददाता

बेवर/मैनपुरी। थाना परिसर में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, समाधान दिवस में जनता ने अपनी समस्याओं को लेकर थाना परिसर में अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज कराई। थाना दिवस पर राजस्व विभाग के तीन मामले सामने आए, जिसमें तीनों मामलों को निस्तारित करने के लिए बनाई गई टीम को अविलंब मामलों को निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। शनिवार को थाना बेवर में नायब तहसीलदार की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में पहली शिकायत पूनम तिवारी पत्नी कुलदीप तिवारी निवासी मोहल्ला कुचलिया ने प्लाट पर कब्जे को लेकर की गई। दूसरी शिकायत ग्राम खिरिया के शिवम कुमार पुत्र राजकपूर ने खेत विवाद को लेकर की गई। तीसरी शिकायत रामसेवक पुत्र पुत्तूलाल निवासी बेवर द्वारा मेड विवाद को लेकर की गई। नायब तहसीलदार अजय कुमार ने बताया कि तीनों राजस्व विभाग की शिकायतों के लिए संबंधित लेखपाल एवं संबंधित अधिकारी को अविलंब निस्तारित किए जाने के निर्देश दिए गए है। जल्द ही तीनों समस्याओं को निस्तारित कर दिया जाएगा।

दो माह से फुंका ट्रांसफॉर्मर, ग्रामीणों का प्रदर्शन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

किशनी/मैनपुरी। क्षेत्र के बिजलीघर किशनी का बुरा हाल है। गांव मनिगांव में दो माह से ट्रांसफार्मर फुंका पड़ा है जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने कई बार अधिकारियों से की लेकिन नतीजा शून्य रहा। आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर एसडीओ से दूसरा ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि उनके यहां एक ट्रांसफॉर्मर करीब दो माह से फुंका पड़ा है। उन्होंने बिजलीघर जाकर कई बार कई बार लिखित शिकायत की लेकिन नतीजा शून्य रहा।

मारपीट कर बाइक तोड़ने का आरोप, दूसरे पक्ष से भी तहरीर

मोर्निंग सिटी संवाददाता

बेवर/मैनपुरी। थाना क्षेत्र बेवर के अंतर्गत ग्राम दुर्जनपुर महमूदिया निवासी एक युवक ने गांव के ही लोगों पर गाली गलौज कर मारपीट करने तथा बाईक तोड़ने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है वहीं दूसरे पक्ष द्वारा भी उक्त पक्ष पर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी गई है पुलिस द्वारा हकीकत जाने हेतु जांच जारी है।

मामले की तहरीर देते हुए ग्राम दुर्जनपुर निवासी विजय पुत्र राम प्रसाद राठौर ने बताया कि दिनांक 24 अक्टूबर को शाम समय करीब 5.30 बजे वे अपने भाई कैलाश के साथ अपने साझीदार के खेत में काम कर रहे थे तभी गांव के ही प्रवीण दुबे पुत्र गंगा महेश दुबे, समीर पुत्र प्रवीण दुबे खेत में आए और उन्हें तथा उनके भाई को बिना किसी वजह की गाली गलौज करने लगे, गाली देने से मना किया तो उक्त लोगों द्वारा मारपीट की गई किसी तरह खेत से भाग कर अपने साझेदार के घर घुस गए इसी दरमियान खेत पर खड़ी उनकी बाइक को उक्त लोगों ने तोड़ दिया।

पीड़ित ने बताया कि उनके शरीर में चोटें आई हैं तथा उनके भाई के हाथ की हड्डी भी टूट गई है। नामजदों द्वारा फिर से मारने की धमकी दी गई है वहीं दूसरे पक्ष के प्रवीण कुमार दुबे पुत्र महेश चंद्र ने भी थाने में तहरीर दी है। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है पुलिस ने बताया जांच के बाद दोषी के खिलाफ सम्यक कार्रवाई की जाएगी।

खेलकूद में करसाना न्याय पंचायत की चैंपियन बनीं मोहिनी नासिर भट्टी के उमावि के खेल मैदान में हुईं न्याय पंचायत स्तरीय प्रतियोगिताएं

अतिथियों ने प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को किया पुरस्कृत

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। अमांपुर विकास खंड क्षेत्र की न्याय पंचायत करसाना की खेलकूद प्रतियोगिताएं नासिर भट्टी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में हुईं। प्रतियोगिताओं के शुभारंभ के बाद बाल खिलाडियों ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अमांपुर शशिकांत ने 100 मीटर दौड़ प्राथमिक बालक वर्ग को हरी झंडी दिखाकर किया। इसके बाद बाल खिलाडियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने परिणाम घोषित किया। 50 मीटर प्राथमिक बालक वर्ग में नरेश, अब्दुल, नीलेश, 100 मीटर दौड़ में अफसर, नीतेश, जुगेंद्र, 200 मीटर दौड़ में युवराज, अल्तमश, सुमित, 50 मीटर दौड़ प्राथमिक बालिका वर्ग में मोहिनी, समायरा, हिमानी, 100 मीटर दौड़ में विजय लक्ष्मी, समायरा, संध्या, 200 मीटर दौड़ में मोहिनी, मुस्तफीन, हिमानी, लंबी कूद प्राथमिक बालक वर्ग में आयुष, अदुल, जुगेंद्र, बालिका वर्ग में रीमा, मोहिनी, हिमानी, जूनियर बालक वर्ग 100 मीटर दौड़ में अर्जुन, बहार मियां, बॉबी, 200 मीटर दौड़ में बहार मियां, अर्जुन, अमित, 400 मीटर दौड़ में वासिफ, प्रशांत, गोपाल, 100 मीटर दौड़ जूनियर बालिका वर्ग में साहिबा, खुशी, वर्षा, 200 मीटर दौड़ में मुस्कान, हेमलता, ज्योति, 400 मीटर दौड़ मं2 साहिबा, अंजली, सीमा क्रमशरू प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। कबड्डी प्राथमिक बालक वर्ग में विजेता करसाना, उपविजेता महदवा, बालिका वर्ग में विजेता महदवा, उपविजेता करसाना रहे। जूनियर बालिका वर्ग कबड्डी में विजेता करसाना, उपविजेता नगला संतरी की टीम रही। जूनियर बालक वर्ग कबड्डी में विजेता देवरी, उपविजेता नगला संतरी की टीम रही। इस दौरान ब्लॉक पीटीआई मुनेश राजपूत, केपी सिंह, अनिल मिश्रा, शबाना परवीन, कंचन सैंगर, हरिराम शाक्य, मीनू राजपूत, पूजा वर्मा, सतेंद्र चैधरी, रुद्र प्रताप, राकेश राजपूत, मुकेश सोलंकी, सत्यभान सिंह, कृष्ण कुमार, धर्मेंद्र वार्ष्णेय, अमित चैहान, शिव शंकर वर्मा, नरेंद्र राजपूत, अरविंद कुमार, अनुज प्रताप, सुनील कुमार, देवेश मित्तल, सुनील कुमार समेत अन्य मौजूद रहे।

भाजपा की कार्यशाला में लौह पुरुष पटेल के जयंती समारोह पर चर्चा सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में होगा कार्यक्रम

प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश मन्त्री ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयन्ती समारोह को लेकर शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यशाला में अतिथियों के रूप में उपस्थित पार्टी के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों ने समारोह के बारे में जानकारी दी। साथ ही पार्टी हाईकमान की ओर से निर्धारित किए गए आगामी कार्यक्रमों के बारे में भी बताया।

कार्यशाला के शुभारंभ की औपचारिकताएं मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज, प्रदेश मन्त्री पूनम बजाज ने संयुक्त रूप से पंडित दीन दयाल उपाध्याय श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण करके पूरी कीं। विशिष्ट अतिथि एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने की। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर भारद्वाज ने कहा कि लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल की विशाल प्रतिमा का निर्माण भाजपा सरकार ने कराया है। रन फॉर यूनिटी समेत अन्य कार्यक्रम 31 अक्तूबर से शुरू होंगे। प्रत्येक बूथ पर सरदार पटेल के योगदान व विचारों को साझा किया जाएगा। प्रदेश मन्त्री पूनम बजाज ने आगामी सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की। एमएलसी रजनीकांत माहेश्वरी ने कहा कि सरदार बल्लभभाई पटेल की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में एकता, देशभक्ति और कर्तव्य भावना को जागृत करना है। भाजपा जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि 31 अक्तूबर को भारतीय जनता पार्टी एक रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम करेगी। कार्यशाला में मंचासीन डा ज्ञान प्रकश गुप्ता, निवर्तमान जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, जिला पंचायत अध्यक्ष रत्नेश कश्यप, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा, राजवीर सिंह भल्ला, हीरा लाल कश्यप, संजय सोलंकी ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के बाद प्रांतीय पदाधिकारियों ने पत्रकारों से भी बातचीत की और पार्टी के आगामी कार्यक्रमों से अवगत कराया। इस दौरान केत सिंह वर्मा, गौरीशंकर शर्मा, महेंद्र सिंह राणा, अनिल पुंधीर, डॉ बॉडी राणा, रामेश्वर दयाल महेरे, शिव कुमार भारद्वाज, सुरेश माहेश्वरी, रामनिवास राजपूत, अनुरोध प्रताप सिंह, कृष्णकांत वशिष्ठ, शरद गुप्ता, केपी सिंह, रानू वर्मा, डॉ योगेंद्र चैहान, रविंद्र लोधी, जय सिंह वर्मा, जितेन्द्र बघेल, विष्णुदेव पाठक, रविंद्र ब्रह्मचारी, प्रदीप वर्मा, डॉ सांत्वना पाराशर, डॉ खूब सिंह, डीएस लोधी,कुलदीप प्रतिहार, मयंक अग्रवाल, आदित्य काकोरिया, प्रतीक माहेश्वरी, शिवप्रताप सोलंकी, जिला मीडिया प्रभारी केके सक्सेना मौजूद रहे।

रजिस्ट्रार आफिस में तैनात कर्मचारी के निधन पर शोक

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। सदर तहसील के उप निबंधक कार्यालय में तैनात कर्मचारी प्रदीप शर्मा का शनिवार की अल सुबह आकस्मिक निधन हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदीप शर्मा उप निबंधक कार्यालय के साथ ही समाज सेवी कार्यों में भी बढ़चढ़कर भाग लेते थे। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार की देर शाम उनका अचानक स्वास्थ्य खराब हुआ। सीने में दर्द होने पर परिजन उन्हें दिल्ली लेकर गए और एम्स में भर्ती करा दिया। वह हृदय रोग से पीडित थे, शायद हार्ट अटैक की वजह से उनकी मृत्यु हुई। उनकी मृत्यु की जानकारी के बाद लोग शोक संवेदनाएं व्यक्त करने के लिए उनके आवास पर पहुंच गए। सोशल नेटवर्किंग पर भी लोगों ने शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। शोक व्यक्त करने वालों में दीपक गुप्ता सराफ, अजय डांगरा, केके सक्सेना, अश्वनी चतुवेर्दी, सौरभ समेत अन्य शामिल हैं।

धार्मिक कार्यों से बढ़ती है भाईचारे की भावना- तहसीन

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने फीता काटकर उर्स का किया उद्घाटन गुरसहायगंज

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कन्नौज। शुक्रवार की शाम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव चित्तरपुर्वा मे आयोजित शाह मोहम्मद जाफर अली रहमतुल्लाह अलैह के सालाना उर्स के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हाजी तहसीन सिद्दीकी ने का फीता काट कर कव्वालियों का आगाज किया।

उर्स के मौके पर बाहर से आए कब्बालों ने अपने-अपने कलाम पेश किये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सिद्दीकी ने कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से आपसी भाईचारे की भावना बढ़ती है लोगों के दिलों से नफरत एवं बुराइयों की भावनाएं खत्म होती है समाज के जिम्मेदारों को इस प्रकार के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए कार्यक्रम के आयोजकों की हौसला अफजाई करनी चाहिए इस मौके पर पूर्व सभासद अयूब सिद्दीकी पूर्व प्रधान प्रदीप गौतम व कमेटी के मेंबर के अलावा सैकड़ों अकीदत मंद मौजूद रहे।

जनपद स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। जनपद स्तरीय आईसीटी प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान हरचंदपुर कलां एटा में प्राचार्य दिनेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। शिक्षण एवं विद्यालयों व्यवस्था में आईसीटी के प्रयोग को बढ़ावा देने एवं नवीन तकनीकी विधाओं के प्रयोग द्वारा बच्चों के नामांकन अधिगम संप्रति को बढ़ाने के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जनपद कासगंज से पुरुष वर्ग में तीन और महिला वर्ग में दो अध्यापकों ने प्रतिभाग किया। जिसमें पुरुष वर्ग से प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर लाला कासगंज के प्रधानाध्यापक धनंजय सिंह एवं महिला वर्ग से करिश्मा कुमारी प्राथमिक विद्यालय महेशपुर अमांपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता समन्वयक अनिल कुमार परिहार, केंद्रीय विद्यालय से मूल्यांकनकर्ता सचिन एवं डाइट प्रवक्ता विवेक ने विजेताओं को प्रमाणपत्र वितरित किए।

गुरुचरण पादुका यात्रा पर कासगंज में भाजपाइयों ने की पुष्पवर्षा

मोर्निंग सिटी संवाददाता

कासगंज। दिल्ली से चलकर पटना साहिब जाने के लिए कासगंज से गुजरी गुरु गोविंद साहब की चरण पादुका यात्रा का भाजपाइयों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत अभिनंदन किया। बता दें कि सिख धर्म के धर्मगुरु गोविंद सिंह साहब की याद में एवं उनके बताए गए मार्ग पर चलने के लिए गुरुचरण पादुका यात्रा शुरू की गई है। यात्रा दिल्ली से चलकर आगामी एक नवंबर को पटना साहिब पहुंचेगी। चरण पादुका यात्रा के कासगंज में आने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने गुरुद्वारा, चेयरमैन मीना बोहरे ने सोरों गेट, भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नीरज शर्मा, गोरहा पर डीएस लोधी, सोरों नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रामेश्वर दयाल महेरे ने नगर की टीम के साथ भगवान वराह चैराहा, नगरिया स्थित मां गायत्री इंटर कॉलेज पर पूर्व ब्लाक प्रमुख सहावर विजेंद्र सिंह गौर ने चरण पादुका यात्रा पर पुष्प वर्षा की। इस दौरान देवेंद्र सिंह, सोहन सिंह, बलदेव सिंह, कुलदीप सिंह, चरणजीत सिंह, मानवेंद्र सिंह, गुरप्रीत सिंह, सतवीर सिंह, मनराज सिंह, अजीत सिंह, हरभजन सिंह, रमनदीप सिंह, बूटा सिंह, अशोक सिंह, हरप्रीत सिंह, हनी सिंह, ज्ञानी दयाल, प्रेम सिंह, राजवीर सिंह भल्ला, शिव कुमार भारद्वाज, डा खूब सिंह लोधी, यशवीर सिंह राजपूत, शिव प्रताप सिंह सोलंकी, हिमांशु उपाध्याय, अजय शर्मा मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत एक घायल

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। आगरा अलीगढ रोड स्थित राधिका ढाबा के निकट अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। जिस पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जब कि दूसरा घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जब कि मृतक के शव को पुलिस ने पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार गांव बसगोई निवासी अभिषेक (22)पुत्र ज्ञान प्रकाश अपने चचेरे भाई यशपाल(18) पुत्र कृष्ण कुमार के साथ बुलेट मोटरसाईकिल पर सवार होकर पढाई करने अलीगढ अपने कॉलेज जा रहे थे। बताते हैं कि जैसे ही बुलेट मोटरसाईकिल आगरा अलीगढ़ रोड स्थित राधिका ढाबा के निकट पहुंची तो वहां सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे मोटरसाईकिल सवारों सहित सडक पर गिर गई। जिसमें अभिषेक की मौके पर ही मौत हो गई, और यशपाल घायल हो गया। मोटरसाईकिल बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भीड जुट गई। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, तथा मृतक के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। वहीं जानकारी होने पर मृतकों के परिजन भी मौके पर पहुंच गये, परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने बताया कि यशपाल इंटरमीडिएट का छात्र है और मृतक अभिषेक बीएससी का छात्र था। समाचार लिखे जाने तक घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी।

विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर बुधवार को

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। भारत विकास परिषद के बैनरतले आगरा अलीगढ रोड स्थित रोडबेज बस स्टेंण्ड सासनी के सामने पं. ब्राह्मण चेतराम धर्मशाला में दिनांक उनत्तीस अक्टूबर दिन बुधवार को सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शनिवार को यह जानकारी देते हुए भारत विकास परिषद अध्यक्ष पं. खगेन्द्र शास्त्री ने अपील करते हुए बताया कि दिनांक उनत्तीस अक्टूबर दिन बुधवार बुधवार को पं. ब्राह्मण चेतराम धर्मशाला में लगने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में समस्त व्यापारिक संगठन, कालेज के छात्र-छात्रायें, सामाजिक संगठन, सामाजिक प्रबुद्धजन, युवा वर्ग, राजनैतिक दल एवं जनप्रतिनिधि तथा समस्त आमजन स्वैच्छिक रक्तदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि देश में प्रतिवर्ष दो सौ पचास सीसी की चार करोड युनिट सक्त की जरूरत पडती है। जब कि सिर्फ पांच लाख यूनिकट रक्त मुहैया हो पाता है, हमारे शरीर में कुल बजन का सात प्रतिशत हिस्सा खून होता है। और आंकडों के अनुसार पच्चीस प्रतिशत से अकिधक लोगों को अपने जीवन में रक्त की जरूरत पडती है, इसलिए किसी की जान बचाने के लिए रक्तदान कर पु्ण्य जरूर अर्जित करें।

बिजली लाइन से टकराया ट्रक, कपड़ों से लदे कंटेनर में लगी आग

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। शुक्रवार देर रात शहर में बड़ा हादसा हो गया जब एक ट्रक बिजली की लाइन से टकरा गया। टक्कर के बाद हुए शॉर्ट सर्किट से निकली चिंगारी ने ट्रक में लदे कपड़ों को आग के हवाले कर दिया। कुछ ही पलों में पूरा कंटेनर धधक उठा। स्थानीय लोगों ने जब ट्रक में आग लगते देखी तो चालक को आगाह किया, लेकिन चालक जलते हुए कंटेनर को लेकर आगरा रोड की ओर बढ़ गया। इससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना मधुगी क्षेत्र के पास की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने कंटेनर को नागला भूंस के निकट आगरा रोड यू-टर्न पर रुकवाया। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इस घटना के चलते शहर के कुछ हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई और अंधेरे में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। आग बुझाने के दौरान सड़क पर जाम की स्थिति भी बन गई। अनुमान है कि ट्रक में लदे कपड़ों को भारी नुकसान पहुंचा है।

माधुरी गाँव में जहरीला प्रसाद खाने से महिला की मौत, कई लोग बीमार

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। सिकंदराराऊ क्षेत्र के माधुरी गाँव में जहरीला प्रसाद (मिठाई) खाने से एक महिला की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार होकर बीमार पड़ गए। बीमारों का इलाज स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और आगरा के अस्पतालों में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, 21 अक्टूबर की शाम गाँव के मंदिर में खोवे की मिठाई के तीन डिब्बे मिले थे। ग्रामीणों ने उसे प्रसाद समझकर खा लिया। अगले दिन 22 अक्टूबर को भी इसी प्रकार मिठाई के डिब्बे मिले और वितरित किए गए। इसके बाद 22 अक्टूबर की शाम से ही प्रसाद खाने वाले लोगों की तबीयत बिगड़ने लगी। कई लोगों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जबकि कुछ गंभीर मरीजों को 23 अक्टूबर को आगरा रेफर किया गया। 24 अक्टूबर को स्वास्थ्य विभाग को घटना की सूचना मिलने पर टीम गाँव पहुँची और जाँच के लिए बचे हुए प्रसाद के नमूने लिए। 25 अक्टूबर की सुबह गाँव की मुन्नी देवी (55) की मृत्यु हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि किसी मानसिक रूप से अस्थिर व्यक्ति ने यह घिनौना कृत्य किया है। फिलहाल मामले की जाँच जारी है। इस घटना में मुकेश (50), बृजेश (55), श्रीमती (60), रामादेवी (50) और एक बच्चे का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

प्रदेश में मौसम लेगा यू-टर्न, तापमान में आएगी गिरावट; साइक्लोन की वजह से हो सकती है बारिश भी

लखनऊ

मौसम में न्यूनतम तापमान में गिरावट के बाद सोमवार या मंगलवार से अधिकतम तापमान में भी गिरावट शुरू हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, फिलहाल रविवार को भी मौसम शुष्क रहने और आसमान साफ रहने के आसार हैं। दो दिन बाद बंगाल की खाड़ी में बन रहे साइक्लोन की वजह से छिटपुट बारिश की संभावना है लेकिन इसका प्रभाव उत्तर प्रदेश में किन जगहों पर या कितना पड़ेगा, यह कहना अभी मुश्किल है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि इस समय प्रदेश में कोई सक्रिय मौसम तंत्र न होने की वजह से 28 अक्तूबर तक मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है। आसमान साफ रहेगा। प्रदेश में न्यूनतम तापमान में आई गिरावट अभी रविवार को भी जारी रहेगी। 27 अक्तूबर को बंगाल की खाड़ी में बने निम्नदाब क्षेत्र की प्रबलता पर निर्भर करेगा कि बारिश कितनी और कहां-कहां होगी। उन्होंने बताया कि सोमवार से या फिर मंगलवार से अधिकतम तापमान में भी गिरावट के आसार हैं और यह 3 डिग्री तक गिर सकता है। दो दिन बाद सुबह और रात में हल्की ठंड बढ़ने की संभावना है। सुबह कोहरा व धुंध के भी आसार हैं। राजधानी का मौसम रविवार को भी शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आसमान साफ रहेगा और सुबह आंशिक कोहरा व धुंध की संभावना है। न्यूनतम तापमान में रविवार को भी गिरावट दर्ज की जा सकती है। सोमवार या मंगलवार से अधिकतम तापमान में भी गिरावट शुरू होने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि फिलहाल रविवार को भी मौसम शुष्क रहने और आसमान साफ रहने के आसार हैं। सोमवार से या फिर मंगलवार से अधिकतम तापमान में भी गिरावट के हो सकती है और यह 3 डिग्री तक गिर सकता है। दो दिन बाद सुबह और रात में हल्की ठंड बढ़ने की भी संभावना है। शनिवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से 1.2 डिग्री अधिक रहा और न्यूनतम तापमान 21.4 रहा जो सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक दर्ज किया गया।

भारत विकास परिषद् की प्रांतीय समूहगान प्रतियोगिता में हाथरस के विद्यालयों का जलवा लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल प्रथम, बीएलएस इंटरनेशनल द्वितीय, दून पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। भारत विकास परिषद् हाथरस शाखा द्वारा प्रांतीय स्तर की समूहगान प्रतियोगिता का आयोजन बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल में किया गया।

विभिन्न जनपदों से आए छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों का सुमधुर गायन कर श्रोताओं को देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत कर दिया। वातावरण में वही जोश व्याप्त हो गया जैसा लता मंगेशकर द्वारा गाए गीत ह्यए मेरे वतन के लोगो को सुनते समय होता है।कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण शर्मा, क्षेत्रीय संयोजक अमित सिंघल, डॉ. अनिल कुमार वार्ष्णेय, विद्यालय के प्रशासनिक निदेशक कमल शर्मा, प्रांतीय संरक्षक जे.पी. गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष संजीव वार्ष्णेय, प्रांतीय महासचिव प्रभात वार्ष्णेय, प्रांतीय वित्त सचिव प्रदीप रंजन शर्मा, शाखा अध्यक्ष जय शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्या विद्या प्रतीक वर्तके, सचिव तरुण शर्मा, कार्यक्रम प्रभारी मुकेश गोयल व प्रवीण खंडेलवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुआ।निर्णायक मंडल में लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज तबला वादक चंदन चटर्जी, प्रख्यात संगीतज्ञ अमित उपाध्याय और मीनाक्षी मिश्रा शामिल रहे।कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद लोकगीत गायन में बीएलएस इंटरनेशनल स्कूल प्रथम, लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल द्वितीय और दून पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। संस्कृत गायन में लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल प्रथम, बीएलएस इंटरनेशनल द्वितीय और दून पब्लिक स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। हिंदी गायन में भी यही क्रम रहा। संयुक्त परिणाम में लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम में प्रांतीय मार्गदर्शक देवेंद्र मोहता, समूहगान प्रभारी संदीप नक्षत्र, उपाध्यक्ष विजय कृष्ण गर्ग, संगठन सचिव मनोज अग्रवाल, संयुक्त सचिव एकता अग्रवाल, उपप्रभारी मेघा राठी, कोषाध्यक्ष रिचा खंडेलवाल, संयोजक ज्योति सिंह, संगीता वार्ष्णेय, अविनाश सिंह, संकल्प उपाध्याय, आशीष रस्तोगी, सुरेश अग्रवाल, डॉ. बी.पी. सिंह, राकेश मोहन वशिष्ठ, दिनेश सेकसरिया, दीप्ति वार्ष्णेय, डिंपल वार्ष्णेय, पूजा वार्ष्णेय, सीमा अग्रवाल (सखी), उद्धव कृष्ण शर्मा, राहुल पचौरी, दीपक भारद्वाज, सुमित वार्ष्णेय, नरेश वर्मा, ओमप्रकाश वर्मा, डॉ. दिनेश माहेश्वरी, रजनी गुप्ता, जानवी जादौन, शिल्पी अरोरा, श्री मिश्रा, गजेन्द्र सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम की उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और अनुशासन की सभी अतिथियों, अध्यापकों और विद्यार्थियों ने प्रशंसा की तथा कहा कि ऐसे आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए, जिससे नई पीढ़ी में देशभक्ति का संचार हो।

आज मुख्यमंत्री योगी पहुंचेंगे गढ़, करेंगे गंगा मेले की समीक्षा; तैयारियों में जुटे अधिकारी

हापुड़

हापुड़ स्थित गंगा तट पर लगने वाले एतिहासिक कार्तिक मेले की तैयारियों के लिए रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गढ़ मेला स्थल पहुंचकर इसकी समीक्षा करेंगे। मेला स्थल पर अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद वह मेला क्षेत्र का निरीक्षण भी करेंगे।

इस संबंध में सूचना आने के बाद अधिकारियों ने उनके आगमन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। गंगा मेला स्थल पर ही हेलीपैड बनाया जा रहा है। हालांकि सीएम के आने की सूचना को सार्वजनिक नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को गाजियाबाद में एक अस्पताल के उद्घाटन के लिए पहुंच रहे हैं। यहां उनके पहुंचने का समय 11.30 बजे है। इस कार्यक्रम को समाप्त करने के बाद उनका हापुड़ के गढ़ में लगने वाले कार्तिक मेला स्थल पर पहुंचने का कार्यक्रम है। संभावना है कि करीब एक बजे मुख्यमंत्री मेला स्थल पर पहुंचेंगे। हालांकि आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा नहीं हुई है, लेकिन मेला स्थल पर हेलीपेड बनने का कार्य देर शाम से ही शुरू हो गया है। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री मेले की तैयारियों की समीक्षा के साथ मेला स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री के आने की सूचना के बाद डीएम अभिषेक पांडेय, एसपी ज्ञानंजय सिंह, एएसपी विनीत भटनागर समेत आला अधिकारी गंगा मेले में जुटे थे। डीएम ने रात में ही मेले की समीक्षा बैठक बुलाई और अधिकारियों को निर्देशित किया। एडीएम संदीप कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री के आने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, हालांकि उनके आधिकारिक प्लान अभी तक नहीं आया है।

गोपाल धाम में 27 अक्टूबर को बाबा गया प्रसाद महाराज की 133वीं जयंती महोत्सव

छप्पन भोग, फूल बंगला और हरिनाम संकीर्तन के होंगे भव्य आयोजन

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। परंपरा के अनुसार इस वर्ष बाबा पंडित गया प्रसाद महाराज गोवर्धनवासी की 133वीं जन्म जयंती महोत्सव का आयोजन गोपाल धाम में 27 अक्टूबर 2025, सोमवार को कार्तिक शुक्ल पक्ष की छठ तिथि पर किया जाएगा। इस पावन अवसर पर दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न होंगे।प्रातः 6 बजे श्रीराम दरबार की प्रभात फेरी श्रीकृष्ण गौशाला पहुंचेगी, जहां गौ माता का पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात प्रभात फेरी गोपाल धाम पहुंचेगी। प्रातः 10 बजे गिरिराज महाराज गोवर्धन धाम से पधारेंगे, जिनका अभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आचार्यगणों द्वारा किया जाएगा।शाम 5 बजे गिरिराज महाराज के छप्पन भोग एवं फूल बंगला के भव्य दर्शन होंगे। इस दौरान भक्तजन बधाई एवं हरिनाम संकीर्तन करेंगे। शाम 6 बजे महाआरती के साथ दिव्य दर्शन होंगे। रात्रि 11 बजे गिरिराज महाराज गोवर्धन प्रस्थान करेंगे।धर्मप्रेमी जनों से आग्रह है कि वे सपरिवार उपस्थित होकर महोत्सव को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें और पुण्य के भागी बनें।पत्रकार वार्ता में पंडित भोले शंकर शर्मा, दाऊ दयाल वार्ष्णेय, श्याम सुंदर गोयल, सीताराम अग्रवाल, पंडित डॉ. जितेंद्र स्वरूप शर्मा ह्यफौजीह्ल, वेद भगवान, हरीश अग्रवाल, श्रवण कुमार, अजय अग्रवाल, उमेश शर्मा, बाल गोविंद, रामकिशन शर्मा, सुरेंद्र लाला, मदन मोहन अग्रवाल, शिवकुमार तोमर, कमल अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ अग्रवाल, राकेश वर्मा, सत्येंद्र स्वरूप शर्मा, राजू शर्मा और शरद अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।डॉ. जितेंद्र स्वरूप शर्मा ह्यफौजीह्ल ने सभी पत्रकारों का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया। जलपान के उपरांत धन्यवाद ज्ञापन के साथ पत्रकार वार्ता संपन्न हुई।

एकतरफा प्रेम में मासूम की हत्या का आरोपी भेजा गया जेल

कानपुर

मासूम आयुष के हत्यारोपी शिवम सक्सेना को बर्रा पुलिस ने शुक्रवार देर रात मुठभेड़ में दबोचने के बाद शनिवार दोपहर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने कबूला है कि मासूम की मां को वह पांच माह से पसंद करने लगा था। उसे अपने साथ चंडीगढ़ ले जाना चाहता था। महिला जाने के लिए तैयार नहीं थी।

इस बीच महिला के पति को उस पर शक हो गया था। उसने उसके घर आने-जाने पर रोक लगा दी थी। बताया उसे अंदेशा था कि मासूम की वजह से महिला उसके साथ नहीं जा रही है। ऐसे में उसने बच्चे की ही हत्या कर दी। वारदात के दिन बच्चे को खिलौने दिलाने के बहाने दोपहर डेढ़ बजे अर्रा-दो स्थित पांडु नदी के किनारे ले गया। वहां गला घोंटकर हत्या करने के बाद शव को नदी में फेंक दिया। दोपहर दो बजे तक दोनों घर नहीं लौटे तो परिजनों ने बच्चे की तलाश शुरू की। परिजनों ने पुलिस को भी सूचना दी। दोपहर 3:30 बजे पुलिस ने कैमरे खंगाले तो आरोपी शिवम स्नेही चौराहा से ऑटो में मासूम को ले जाता दिखा। इसके बाद अन्य कैमरों की जांच में वह बच्चे के साथ नदी तक गया तो लेकिन लौटा अकेले ही। ऐसे में नदी किनारे तलाश शुरू हुई तो शव बरामद हो गया। डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

अयोध्या में दीपोत्सव के बाद अब देव दिवाली की तैयारी, काशी के घाट पर जलाए जाएंगे 25 लाख दिये

लखनऊ

अयोध्या दीपोत्सव के बाद पर्यटन विभाग पांच नवंबर को होने वाली काशी की देव दीपावली को भव्य बनाने में लग गया है। इस साल गंगा के दोनों तट 25 लाख दीपों की रोशनी से जगमग होंगे। तो थ्रीडी लेजर शो और पर्यावरण अनुकूल आतिशबाजी भी पर्यटकों व श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे।

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि विभाग का प्रयास है कि "देवों की दिवाली" में वाराणसी आने वाले हर आगंतुक को यादगार बनाया जाए। विभाग द्वारा 03 से 05 नवंबर तक चेत सिंह घाट और गंगा द्वार पर अत्याधुनिक थ्रीजी प्रोजेक्शन मैपिंग व लेजर शो का आयोजन किया जाएगा। इसमें गंगा, काशी, भगवान शिव और देव दीपावली की पावन कथा को 25 मिनट के अनुभव में पिरोया जाएगा। जिसमें 17 मिनट की प्रोजेक्शन मैपिंग और 08 मिनट का लेजर शो शामिल होगा। उन्होंने बताया कि हिंदी में संवाद के माध्यम से इससे संबंधित कहानियां दिखाई व बताई जाएंगी।

इस बार देव-दीपावली पर वाराणसी के 84 घाटों पर लगभग 25 लाख दिए जलाए जाएंगे। इसमें 10 लाख दीये राज्य सरकार की ओर से, बाकि दीप घाटों की स्थानीय समितियों द्वारा जलाए जाएंगे। इसी क्रम में लगभग डेढ़ किलोमीटर क्षेत्र में 10 मिनट तक फायर क्रैकर्स शो होगा। यह शो पर्यावरण अनुकूल आतिशबाजी, तकनीक और कंप्यूटर आधारित कोरियोग्राफी के साथ तैयार किया गया है। मंत्री ने बताया कि इस वर्ष देव दीपावली पर काशी में 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं व पर्यटकों के आने की संभावना है।

मुरादाबाद की छात्रा ने यूनिवर्सिटी के हॉस्टल में की खुदकुशी, फंदे पर लटका मिला शव, पुलिस जांच में जुटी

अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अब्दुल्ला वीमेंस कॉलेज की बीए द्वितीय वर्ष की एक छात्रा ने आवासीय हॉल के कमरे में फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। मुरादाबाद के अगवानपुर क्षेत्र की छात्रा का शव 25 अक्तूबर शाम मुमताज हॉल के कमरे में लटका मिला।

24 अक्तूबर देर रात से अंदर से कमरा बंद होने पर जब संदेह हुआ तब यह घटना प्रकाश में आई। फिलहाल कारणों को लेकर पुलिस व एएमयू इंतजामिया के अधिकारी जांच में जुटे हैं। फॉरेंसिक जांच के लिए कमरा सील कर दिया गया है। मूल रूप से मुरादाबाद सिविल लाइंस क्षेत्र के अगवानपुर क्षेत्र निवासी युवती एएमयू वीमेंस कॉलेज में बीए की छात्रा थी। वह कॉलेज परिसर के ही मुमताज हॉल में एक अन्य साथी छात्रा संग रहती थी। दीपावली की छुट्टी होने पर साथी छात्रा अपने घर गई थी। वह अभी वापस नहीं आई। एएमयू प्रॉक्टर प्रो.वसीम अली के अनुसार मुमताज हॉल के प्रोवोस्ट व वार्डन के जरिये शनिवार शाम 8 बजे यह खबर मिली कि एक कमरा शुक्रवार देर रात के बाद से खुला नहीं है। इस जानकारी पर जांच करते हुए कमरा प्रयास कर खोला गया तो कमरे में पंखे से दुपट्टे के सहारे छात्रा का शव लटका मिला। इस सूचना पर सीओ तृतीय सर्वम सिंह, सिविल लाइंस पुलिस व फॉरेंसिक टीम भी पहुंच गई। प्रारंभिक जांच के बाद शव उतरवाकर मेडिकल कॉलेज भेजा गया। इधर, छात्रा का एक भाई एएमयू में विधि का छात्र है। उसे भी खबर देकर बुला लिया गया। छात्रा की सहेलियों से भी जानकारी की जा रही है। उसके भाई से पूछताछ, मोबाइल नंबर आदि के जरिये आत्महत्या के कारणों पर जानकारी करने का प्रयास हो रहा है। एएमयू वीमेंस कॉलेज के आवासीय हॉल परिसर में छात्रा की आत्महत्या की सूचना मिली है।

थाना दिवस में एसडीएम ने सुनी शिकायतें

मोर्निंग सिटी संवाददाता

हाथरस। कोतवाली परिसर में एसडीएम नीरज शर्मा की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का अयोजन किया गया। जिसमें एसडीएम ने फरियादियों को सुना और उनकी समस्याओं का निस्तारण किया, तथा कुछ समस्याओं के निस्तारण के लिए संबधित अफसरान को समयवद्धता के भीतर समस्या निस्तारण के निर्देश दिए।

शनिवार को कोतवाली में लगाए गये थाना समाधान दिवस के दौरान करीब कई शिकायतें दर्ज की गईं। जिसमें कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तो कुछ शिकायतों के निस्तारण हेतु संबधित अफसरों को निर्देश दिए। एसडीएम ने कहा कि समस्या का निस्तारण समयवद्धता के भीतर करें और उसके बाद फोन द्वारा वादी से संतुष्टि जान लें, फिर इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को अवश्य दें। जिससे विवाद की पुनरावृत्ति न हो सके। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सिंह, क्राईम इंस्पेक्टर अवधेश कुमार, कानूनगो नीरज शर्मा, लेखपाल विवेक वार्ष्णेय,अरविंद सेंगर, सचिन शर्मा, मोहसिन, अरविंद कुमार के अलावा कई लोग मौजूद थे

मौत की रफ्तार: चेकिंग से बचने को दौड़ी कार ने रौंद डाले सात लोग, पांच की मौत, दो गंभीर

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। शुक्रवार रात न्यू आगरा थाना क्षेत्र के नगला बूढ़ी में ऐसा मंजर देखने को मिला जिसने पूरे शहर को दहला दिया। पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए फरार्टा भरी टाटा नेक्सॉन कार ने सड़क पर चल रहे सात लोगों को रौंद डाला। हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से घायल हैं। तेज रफ्तार और शराब के नशे में चूर चालक की इस लापरवाही ने पांच घरों के चिराग बुझा दिए। हादसा रात करीब साढ़े आठ बजे नगला बूढ़ी पुलिया स्थित देसी शराब के ठे-के के पास हुआ। बताया गया कि पुलिस ने वहां नशे में धुत चालकों की चेकिंग शुरू की थी। इसी दौरान दयालबाग से खंदारी की ओर जा रही टाटा नेक्सॉन कार चालक ने पुलिस को देखकर रफ्तार बढ़ा दी और अनियंत्रित होकर सात लोगों को कुचल दिया।

शादी से पहले मौत से मिले कृष – कोर्ट मैरिज के दिन उठा जनाजा- मरने वालों में कृष, बबली, कमल, भानु प्रताप मिश्रा और बंटेश शामिल हैं। इनमें कृष की शनिवार को दिल्ली की रहने वाली महिला से कोर्ट मैरिज होनी थी। शुक्रवार को वह अपने दोस्त कमल के साथ सगाई और शादी के कपड़े खरीदने निकला था। परिजनों के मुताबिक, ह्लआज सुबह कृष को दिल्ली जाकर अपनी होने वाली पत्नी को लाना था, पर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था ह्व रात को हादसे की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल पहुंचे तो शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा चुका था। शनिवार को शव घर पहुंचते ही कोहराम मच गया।

हादसे में मारी गई बबली मजदूर वर्ग से थी और झाड़ू-पोंछा व बर्तन धोकर घर चलाती थी। दीपावली के बाद उसके बेटे गोलू ने नए कपड़ों की जिद की थी। शुक्रवार को बबली ने वादा किया था कि शाम को चलकर कपड़े खरीदेंगे। घर से निकली तो पांच सौ मीटर दूर मौत ने उन्हें दबोच लिया। बबली की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 10 वर्षीय गोलू गंभीर हालत में एस.एन. मेडिकल कॉलेज में भर्ती है। पिता हरीश का रो-रोकर बुरा हाल है।

हादसे के बाद गुस्साए लोगों ने कार के शीशे तोड़कर चालक आशु गुप्ता को बाहर निकाला और जमकर पिटाई कर दी। भीड़ इतनी आक्रोशित थी कि पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। एक पुलिसकर्मी ने भीड़ पर पिस्टल तानकर किसी तरह आरोपी को बचाया। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया, आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके खिलाफ हत्या और लापरवाही से मौत की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। नशे की पुष्टि के लिए ब्लड सैंपल लिया गया है।

तीन घंटे तक हंगामा, शहर भर की पुलिस मौके पर तैनात- घटना के बाद गुस्साए लोगों ने तीन घंटे तक सड़क जाम रखी। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर भीड़ को समझाने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। रात करीब साढ़े 11 बजे जाकर स्थिति काबू में आई। इसके बाद एस.एन. मेडिकल कॉलेज इमरजेंसी और पोस्टमार्टम हाउस पर भीड़ जुट गई। मृतकों के परिजनों की चीखें पूरे परिसर में गूंजती रहीं।

पूर्व पार्षद फौरन सिंह बोले – नगला बूढ़ी हादसों का गढ़ बन चुका है- पूर्व पार्षद फौरन सिंह ने कहा कि इस सड़क पर लगातार हादसे हो रहे हैं। उन्होंने कहा, पुलिस की चेकिंग और शराब ठेके की वजह से यहां हर वक्त अव्यवस्था रहती है। सड़क पर रोशनी नहीं, डिवाइडर टूटा हुआ है। प्रशासन अगर पहले ही कदम उठा लेता, तो पांच निर्दोष लोगों की जान न जाती।

भानु प्रताप मिश्रा — बहन की शादी से पहले ही बहन-भाई का रिश्ता टूटा

मृतकों में शामिल भानु प्रताप मिश्रा जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय थे। आवास विकास कॉलोनी में रहने वाले भानु की नवंबर में बहन की शादी तय थी। शुक्रवार को वह डिलीवरी पूरी कर घर लौट रहे थे। रास्ते में सामने से आई तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। भानु की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी और डेढ़ साल का बेटा बिलख-बिलखकर बेसुध हो गए।

बंटेश सब्जी लेने निकला और लौटकर कभी नहीं आया

नगला बूढ़ी निवासी बंटेश मजदूर था। शाम को घर से सब्जी लेने निकला और रात को उसकी लाश अस्पताल में मिली। उसकी पत्नी पहले ही घर छोड़कर चली गई थी, वह भाई के साथ रहता था। भाई ने बताया, ह्लसात बजे निकला था, आठ बजे तक लौट नहीं आया। जब अस्पताल पहुंचे तो वह नहीं रहा ह्व

मौत की मशीन बनी कार- पहले बाइक सवार को रौंदा, फिर पलट गई घर के बाहर

गवाहों के अनुसार, तेज रफ्तार कार ने पहले जोमैटो डिलीवरी ब्वॉय भानु प्रताप को रौंदा, फिर आगे बढ़कर सड़क किनारे पैदल चल रहे मां-बेटे बबली और गोलू को कुचल दिया। कुछ मीटर आगे दो दोस्त कृष और कमल को भी कार ने उड़ा दिया। उसके बाद कार डिवाइडर से टकराई और पलटकर नवल किशोर के घर के बाहर गमी में बैठे लोगों पर गिर गई। कार के नीचे दबे राहुल और विक्की गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई।

रात का घटनाक्रम (समयवार)

8:00 बजे: पुलिस ने नगला बूढ़ी पुलिया के पास देसी शराब ठेके पर चेकिंग शुरू की।
8:30 बजे: तेज रफ्तार नेक्सॉन कार पुलिस से बचने के लिए भागी और रास्ते में बाइक सवार को रौंदा।
8:35 बजे: कार ने मां-बेटे और दो दोस्तों को रौंदते हुए डिवाइडर से टकराई और घर के बाहर पलट गई।
8:40 बजे: पुलिस मौके पर पहुंची, भीड़ ने चालक को पकड़कर पीटा।
9:00 बजे: घायलों को एस.एन. मेडिकल कॉलेज भेजा गया।
11:30 बजे: पुलिस ने हंगामा शांत कराकर सड़क खुलवाई।

नगला बूढ़ी हादसे ने फिर दिखा दिया कि आगरा की सड़कों पर नशा, रफ्तार और लापरवाही जानलेवा साबित हो रहे हैं। शादी की खुशियों में डूबे परिवारों पर मातम का साया छा गया है। यह सिर्फ एक सड़क दुर्घटना नहीं – बल्कि एक ऐसा हादसा है जिसने पांच परिवारों की जिंदगी उजाड़ दी और प्रशासनिक लापरवाही पर गहरे सवाल खड़े कर दिए।

छठ पूजा पूर्व पार्वती घाट पर जोर-शोर से चल रही तैयारियां, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने लिया जायजा

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। पूर्वांचल की आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पूजा को लेकर ताजनगरी में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बल्केश्वर स्थित पार्वती घाट पर शुक्रवार को नगर निगम और स्थानीय समितियों ने मिलकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। घाट पर साफ-सफाई, सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर अधिकारी खुद मैदान में उतरे दिखाई दिए। नगर निगम के अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार, पार्षद पूजा बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक प्रिय गौतम, समाजसेवी गिर्राज बंसल, पूर्वांचल समिति के अध्यक्ष राकेश शुक्ला, तथा प्रयास फाउंडेशन के रिंकू अग्रवाल, रवि गुप्ता और अतुल गर्ग ने घाट की तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने घाट की सीढ़ियों की सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग और अस्थाई शौचालयों की व्यवस्था का निरीक्षण किया। अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो। उन्होंने कहा कि घाटों पर सफाई, सुरक्षा और रोशनी की व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल और महिला होमगार्ड की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पूर्वांचल समिति के राकेश शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पार्वती घाट पर हजारों श्रद्धालु उदीयमान और अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने पहुंचेंगे। इसलिए समिति के स्वयंसेवक नगर निगम के सहयोग से लगातार घाट की व्यवस्था में जुटे हुए हैं। प्रयास फाउंडेशन के रिंकू अग्रवाल ने बताया कि संस्था की ओर से घाट पर निशुल्क पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है। वहीं पार्षद पूजा बंसल ने स्थानीय लोगों से अपील की कि वे घाट पर स्वच्छता बनाए रखें और प्लास्टिक का प्रयोग न करें। छठ पर्व को लेकर पार्वती घाट पर धार्मिक माहौल बन चुका है। महिलाएं और बच्चे घाट की सजावट में जुटे हैं, वहीं कलाकार पारंपरिक छठ गीतों से वातावरण को भक्तिमय बना रहे हैं। रविवार से ही घाटों पर श्रद्धालुओं का आना शुरू हो जाएगा। नगर निगम और पुलिस प्रशासन ने पूरी तैयारी का भरोसा दिलाया है कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

दबंगों ने महिला की पीट-पीटकर कर दी हत्या

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। थाना जगदीशपुरा क्षेत्र के लक्ष्मी नगर में शनिवार देर शाम एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। मोहल्ले की एक वृद्ध महिला को सिर्फ इसलिए अपनी जान गंवानी पड़ी क्योंकि उसने कुछ युवकों को सकरी गली में तेज रफ्तार बाइक चलाने से रोक दिया था। महिला की यह बात दबंगों को इतनी नागवार गुजरी कि उन्होंने अपने साथियों के साथ मिलकर पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, वृद्ध महिला ने कई बार युवकों को समझाया था कि गली संकरी है, बच्चे और बुजुर्ग आते-जाते रहते हैं, बाइक धीरे चलाया करें। लेकिन शनिवार को जब उसने फिर से ऐसा कहा, तो आरोपी युवक भड़क गया। वह घर जाकर अपने साथियों को बुला लाया और लाठी-डंडों से लैस होकर महिला के घर पर हमला कर दिया। हमले में महिला को बेरहमी से पीटा गया जिससे वह मौके पर ही बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजनों ने बीच-बचाव की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं बख्शा। परिवार की अन्य महिलाएं और पुरुष सदस्य भी गंभीर रूप से घायल हुए। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर हमलावर मौके से भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही थाना जगदीशपुरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने वृद्ध महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। वहीं, इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में आए दिन तेज रफ्तार से बाइक चलाने वाले युवकों का आतंक है। कई बार शिकायत के बावजूद कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई। अब इस घटना के बाद पूरे मोहल्ले में भय और गुस्से का माहौल है। एक बार फिर यह घटना समाज के उस कड़वे सच को उजागर करती है जहां मामूली बात पर जान लेने तक बात पहुंच जाती है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या और मारपीट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और कार्रवाई जारी है।

पॉश मार्केट में स्पा सेंटर की आड़ में चल रहा था गंदा धंधा, पुलिस ने रंगेहाथों पकड़े युवक-युवतियां

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

मथुरा। शहर की पॉश विकास मार्केट में पुलिस ने शुक्रवार की शाम स्पा सेंटर की आड़ में चल रहे अनैतिक कार्यों का खुलासा किया। सीओ सिटी आशना चौधरी के नेतृत्व में की गई इस छापेमारी में पुलिस ने दो स्पा सेंटरों से पांच युवतियों और छह युवकों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा।

कार्रवाई के दौरान स्पा संचालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस को लंबे समय से विकास मार्केट में चल रहे इन स्पा सेंटरों से संदिग्ध गतिविधियों की शिकायतें मिल रही थीं। इसके बाद सीओ सिटी के निर्देशन में टीम ने अचानक छापा मारा। पुलिस को यहां से आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद हुई है। सभी युवक-युवतियों को हिरासत में लेकर थाने लाया गया, जहां उनसे गहन पूछताछ की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, स्पा सेंटर के नाम पर यहां गुप्त रूप से देह व्यापार का धंधा चलाया जा रहा था। स्थानीय लोगों ने भी बताया कि कई बार संदिग्ध लोगों का आना-जाना देखा गया था। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस पूरे गोरखधंधे के पीछे कौन लोग शामिल हैं और शहर के अन्य किन इलाकों में इस नेटवर्क की शाखाएं फैली हुई हैं। सीओ सिटी आशना चौधरी ने बताया कि दोनों स्पा सेंटरों को सील कर दिया गया है और संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर में इस तरह के किसी भी गंदे धंधे को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीम आगे भी ऐसे केंद्रों पर निगरानी रखेगी ताकि मथुरा की साख को कलंकित करने वाले कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

विधायक व जिलाधिकारी ने छठ पूजा के लिए यमुना घाटों का किया विस्तृत निरीक्षण

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। आस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल और जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी ने यमुना नदी पर बने बल्केश्वर, कैलाश घाट तथा अन्य छठ घाटों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने घाटों पर चल रही तैयारियों को देखा और छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, सेफ्टी वॉट, गोताखोरों की तैनाती, आवागमन मार्गों की मरम्मत, घाटों पर आने-जाने के रास्तों की व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, तथा साइनेज लगाने जैसे कार्यों के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

निरीक्षण के दौरान नगर निगम द्वारा घाटों की नियमित सफाई और कूड़ा उठाने के निर्देश दिए गए, जबकि पुलिस प्रशासन को श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और सभी को सुरक्षा तथा प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करना चाहिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने कैलाश घाट का भी निरीक्षण कर यमुना किनारे बने घाटों पर सुरक्षा, जल-स्तर और अन्य सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को दुर्घटना-रहित और सुविधायुक्त छठ आयोजन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए, ताकि छठ व्रतियों को कोई परेशानी न हो।

निरीक्षण के दौरान नगरायुक्त अंकित खंडेलवाल, अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चौहान, सहायक नगरायुक्त अशोक गौतम सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

राधे वाली गली हादसा: आरसीसी सीढ़ी गिरने से 3 घायल, आर्थिक तंगी में परिवार को सरकारी मदद की जरूरत

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। थाना शाहगंज राधे वाली गली नंबर 10 में शनिवार सुबह लगभग 8:00 बजे एक भयंकर हादसा हुआ।

मजदूरी पर बिजली फिटिंग का काम कर रहे राजेंद्र के मकान की आरसीसी सीढ़ी अचानक भरभराकर गिर गई। इस हादसे में राजेंद्र की पत्नी मीरा, पुत्र रामू, और अनिल की पत्नी कमलेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल एसएन मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया, जहां मीरा और रामू की हालत गंभीर बनी हुई है।

परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण उचित इलाज और मकान की मरम्मत में मदद की तत्काल आवश्यकता है। इस मामले की जानकारी लेखपाल को दी गई, वहीं नायक तहसीलदार विमल कुमार और लेखपाल ने घटनास्थल और अस्पताल का दौरा कर हालात का जायजा लिया। क्षेत्रीय पार्षद राकेश कन्नौजिया ने कहा कि राजेंद्र परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर है, ऐसे में सरकार की तरफ से मदद जरूरी है ताकि घायलों का उचित इलाज हो सके और मकान की मरम्मत संभव हो।

पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

आगरा। प्रमुख सचिव, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन सुभाष चंद शर्मा की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 व 2025-26 से संबंधित योजनाओं की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में प्रमुख सचिव ने सबसे पहले जनपद के शैक्षिक संस्थानों को छात्रवृत्ति पोर्टल पर मास्टर डाटा में शामिल किए जाने की स्थिति की जानकारी ली। बताया गया कि वर्तमान में आगरा जनपद के 517 शिक्षण संस्थान पोर्टल पर पंजीकृत हैं। इस पर असंतोष जताते हुए प्रमुख सचिव ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी व सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों को शत-प्रतिशत पोर्टल पर शामिल किया जाए, ताकि कोई भी संस्था या छात्र तकनीकी कारणों से वंचित न रह जाए।

प्रमुख सचिव ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अब तक पूर्वदशम (कक्षा 9-10) वर्ग में 32,534 आवेदन, दशमोत्तर (कक्षा 11-12) में 31,096 आवेदन और उच्च संस्थान श्रेणी में 51,498 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी आवेदनों का सत्यापन कार्य 25 नवंबर 2025 तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए।

पिछले सत्र में वंचित छात्रों को एक और मौका

बैठक के दौरान श्री शर्मा ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उन सभी छात्र-छात्राओं के लिए पोर्टल दोबारा खोला जा रहा है जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में किसी कारणवश छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित रह गए थे। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक सभी वर्गों सामान्य, ओबीसी, एससी और अल्पसंख्यक के छात्र-छात्राएं (कक्षा 11-12 को छोड़कर उच्च कक्षाओं के विद्यार्थी) पोर्टल पर पुनः रजिस्ट्रेशन एवं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

पिछली छात्रवृत्ति की स्थिति

बैठक में यह भी बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्री-मैट्रिक वर्ग (कक्षा 9-10) के 20,377 छात्रों को ?411.27 लाख, पोस्ट-मैट्रिक (कक्षा 11-12) के 23,864 छात्रों को ?705.79 लाख और अन्य उच्च वर्ग के 58,511 छात्रों को ?7,556.28 लाख की धनराशि छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के रूप में दी गई।

प्रचार-प्रसार के निर्देश

प्रमुख सचिव ने निर्देश दिए कि पुनः खुले पोर्टल की जानकारी सभी कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में व्यापक रूप से प्रचारित की जाए, ताकि कोई भी पात्र छात्र आवेदन से वंचित न रहे। साथ ही, सभी संबंधित अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि पोर्टल खुलने की अवधि में अधिकतम संख्या में छात्र आवेदन करें और समयबद्ध सत्यापन के बाद उन्हें लाभ प्रदान किया जाए। बैठक में जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, डॉ. बीआर अंबेडकर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार अजय मिश्रा, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी राजेश प्रकाश, उप निदेशक पिछड़ा वर्ग शैलेश श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी विश्वविद्यालय डॉ. अनिल कुमार गुप्ता, डीआईओएस चंद्रशेखर, जिला समाज कल्याण अधिकारी जी.आर. प्रजापति, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी विजयलक्ष्मी मौर्य, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी नीलिमा सहित विभिन्न संस्थानों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

इकथरा मोड़ पर बस और डंपर में जोरदार भिड़ंत, डंपर चालक गंभीर रूप से घायल, आधा दर्जन यात्री चुटैल

मॉर्निंग सिटी संवाददाता

फतेहाबाद : आगरा- फतेहाबाद मार्ग पर शनिवार सुबह तड़के बड़ा सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से बाह की ओर जा रही रोडवेज बस (संख्या वढ78 ऋळ 8813) ने इकथरा मोड़ के पास एक दस चक्का डंपर में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में डंपर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि आधा दर्जन यात्री चुटैल हुए हैं। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे रोडवेज बस जैसे ही बमरौली कटारा के समीप इकथरा मोड़ पर पहुंची, तभी बस चालक को अचानक नींद की झपकी लगने से वाहन का नियंत्रण बिगड़ गया और वह कॉलोनी की ओर से आ रहे डंपर में जा भिड़ा।

टक्कर इतनी तेज थी कि डंपर चालक रामेश्वर निवासी गोला बमरौली कटारा केबिन में फंस गया। सूचना पर उपनिरीक्षक मय फोर्स मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से रामेश्वर को बाहर निकालकर अस्पताल भेजा, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। डंपर के मालिक धर्मेंद्र निवासी गोला घायल चालक को स्वयं इलाज हेतु अस्पताल लेकर गए। दुर्घटना में रोडवेज बस की आधा दर्जन सवारियां मामूली रूप से घायल हुईं, जिनकी पहचान रामकरण पुत्र महेश चंद्र निवासी खरकापुरा बाह, आदित्य सिंह पुत्र राहुल सिंह निवासी जयपुर (राजस्थान), बलवीर पुत्र खचेर सिंह निवासी बाजिदपुर डौकी, इब्राहिम खान पुत्र इसरार खान निवासी जरार बाह, अमन शर्मा पुत्र रामप्रसाद निवासी पिनाहट, तथा श्रद्धा पत्नी हरिदमन निवासी छागौली बाह के रूप में हुई है। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को चटाई धूल, 1 विकेट खोकर हासिल किया 237 रनों का लक्ष्य

सिडनी में गरजा 'रो-को' का बल्ला, 168 रन की अटूट साझेदारी

एजेंसी ▸▸| सिडनी

रोहित शर्मा और विराट कोहली ने अपने चिर परिचित अंदाज में बल्लेबाजी करके आकर्षक पारियां खेल कर अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया, जिससे भारत ने तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में ऑस्ट्रेलिया को 69 गेंद शेष रहते हुए 9 विकेट से करारी शिकस्त दी।

भारत के सामने 237 रन का अपेक्षाकृत आसान लक्ष्य था लेकिन रोहित और कोहली ने इसे बौना साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रोहित ने 125 गेंद पर नाबाद 121 रन बनाए, जिसमें 13 चौके और तीन छक्के शामिल हैं। कोहली ने 81 गेंद पर नाबाद 74 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में सात चौके लगाए। इन दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 168 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारत ने 38.3 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। इस तरह से उसने ऑस्ट्रेलिया की क्लीन स्वीप करने की मंशा पर भी पानी फेर दिया, जो पहले दो मैच जीत कर तीन मैच की श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था।

रोहित ने अपने वनडे करियर का 33वां शतक लगाया। यह उनका 50वां अंतरराष्ट्रीय शतक था। पहले दो मैच में खाता खोलने में नाकाम रहे कोहली अधिक प्रतिबद्ध दिखे। वनडे क्रिकेट के बेताज बादशाह ने अपने करियर का 75वां अर्धशतक लगाया। वह वनडे में सर्वाधिक अर्धशतक लगाने वाले दूसरे नंबर के बल्लेबाज बन गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में सर्वाधिक शतक

9	रोहित शर्मा
9	सचिन तेंदुलकर
8	विराट कोहली
6	डेसमंड हेन्स

कम पारियों में वनडे में 33 शतक लगाने वाले भारतीय

195 पारी	विराट कोहली
268 पारी	रोहित शर्मा
286 पारी	सचिन तेंदुलकर

101वीं बार साझेदारी

रोहित और कोहली की जोड़ी वनडे में 101वीं बार साथ बल्लेबाजी करने उतरी। इन दोनों ने वनडे में 101 पारियों में साझेदारी की है और कुल 5300 से अधिक रन बनाए हैं।

वनडे में 100+ रनों की साझेदारी

बल्लेबाज जोड़ी	100+	पारी
सचिन – सौरव	26	176
दिलशान-संगकारा	20	108
रोहित - कोहली	19	101
रोहित – धवन	18	117

अय्यर बीच मैच चोटिल होकर गए मैदान से बाहर

भारतीय टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर ने एलेक्स कैरी का एके बेहतरीन कैच पीछे दौड़ लगाते हुए पकड़ा। मगर वह इसके बाद काफी दर्द में नजर आए। उन्हें मैदान से बाहर भी तुरंत ले जाया गया। उनकी जगह फील्ड पर सब्सटीट्यूट के रूप में ध्रुव जुरेल आए। अब इस चोट के बाद निश्चित ही टीम इंडिया और भारतीय फैंस की टेंशन बढ़ गई होगी।

स्कोर बोर्ड

ऑस्ट्रेलिया	रन	गेंद	4	6
मिचेल मार्श बो अक्षर	41	50	5	1
हेड का कृष्णा बो सिराज	29	25	6	0
शॉर्ट का कोहली बो वाशिंगटन	30	41	2	0
रेन्शॉ पगबाधा बो वाशिंगटन	56	58	2	0
कैरी का श्रेयस बो राणा	24	37	1	0
कोनोली का कोहली बो राणा	23	34	2	0
ओवेन का रोहित बो राणा	01	04	0	0
स्टार्क बो कुलदीप	02	05	0	0
एलिस का रोहित बो कृष्णा	16	19	3	0
जम्पा नाबाद	02	05	0	0
हेजलवुड बो राणा	00	2	0	0

अतिरिक्त : 12, कुल : 46.4 ओवर में 236/10 रन
गेंदबाजी : मोहम्मद सिराज 5-1-24-1, हर्षित राणा 8.4-0-39-4, प्रसिद्ध कृष्णा 7-0-52-1, कुलदीप यादव 10-0-50-1, अक्षर पटेल 6-0-18-1, वाशिंगटन सुंदर 10-0-44-2

भारत	रन	गेंद	4	6
रोहित शर्मा नाबाद	121	125	13	3
गिल का कैरी बो हेजलवुड	24	26	2	1
कोहली नाबाद	74	81	7	0

अतिरिक्त : 18, कुल : 38.3 ओवर में 237/1 रन
गेंदबाजी : मिचेल स्टार्क 5-0-31-0, जोश हेजलवुड 6-1-23-1, नाथन एलिस 7.3-0-60-0, कूपर कोनोली 5-0-36-0, एडम जम्पा 10-0-50-0, मिचेल ओवन 1-0-2-0, मैथ्यू शॉर्ट 4-0-29-0

रोहित ने जीता प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब

रोहित शर्मा ने कंगारू टीम के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए। उन्होंने ना सिर्फ भारत के लिए बल्कि ओवर ऑल भी सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की लिस्ट में पहले स्थान पर रहे। उन्होंने 3 मैचों में 101.00 की औसत के साथ 202 रन बनाए जिसमें एक शतक और एक अर्धशतक शामिल रहा। उन्होंने इस दौरान 21 चौके और 5 छक्के भी जड़े और उनका बेस्ट स्कोर 121 रन रहा। रोहित को उनकी बेहतरीन बैटिंग के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज का खिताब दिया गया।

वनडे में पूरे किए 100 कैच

रोहित शर्मा ने कंगारू टीम को दो बल्लेबाजों का कैच लपका और वनडे क्रिकेट में उन्होंने अपने 100 कैच भी पूरे कर लिए। रोहित ने गांगुली की भी बराबरी कर ली, जिन्होंने वनडे में 100 कैच लिए थे साथ ही भारत की तरफ से 100 कैच लेने वाले 7वें फील्डर भी बन गए। भारत के लिए वनडे में सबसे ज्यादा कैच लेने का रिकॉर्ड कोहली के नाम है जिन्होंने अब तक कुल 164 कैच लिए हैं।

सचिन से आगे निकले कोहली

कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अर्धशतक लगाने के साथ ही लक्ष्य का पीछा करते हुए सर्वाधिक बार 50+ स्कोर लगाने के मामले में सचिन को पीछे छोड़ दिया है। कोहली ने वनडे में 70वीं बार चेज करते हुए 50+ स्कोर बनाया, जबकि सचिन ने इस दौरान 69 बार 50+ स्कोर किए हैं।

जैक कैलिस को पीछे छोड़ा

कोहली ने भी मेजबान टीम के दो बल्लेबाजों के बेहतरीन कैच लपके और अब वो इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में चौथे नंबर पर आ गए। कोहली के नाम अब इंटरनेशनल क्रिकेट में कुल 339 कैच हो गए हैं जबकि कैलिस ने कुल 338 कैच लपके थे। इस लिस्ट में 440 कैच के साथ महेला जयवर्धने पहले स्थान पर हैं।

उड़ने के लिए तैयार फ्लाइंग कार

आसमान में उड़ते हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर को तो हम सबने देखा है। अब बस कुछ ही वर्षों में आस-पास की दूरियों को तय करने के लिए फ्लाइंग कारें भी उड़ती हुई दिखने लगेंगी। कई विदेशी कंपनियां इस दिशा में पूरी तरह रेडी हो चुकी हैं तो अपने देश में भी इस बारे में जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। भविष्य के नए हवाई सफर पर एक नजर।

टीकैब कंपनी चीन की ई20 एयरटैक्सी

कवर स्टोरी
एन. के. अरोड़ा

उड़ने वाली कारें यानी फ्लाइंग कार या रोडेबल एयरक्राफ्ट यानी ऐसी गाड़ियां, जो सड़कों पर चल भी सकें और जरूरत पड़ने पर उड़ान भी भर सकें। अब ये केवल हॉलीवुड की फिल्मों का हिस्सा भर नहीं हैं बल्कि ये हकीकत है। हां, यह बात अलग है कि अभी इसका उपयोग लोगों ने शुरू नहीं किया है। अभी ये कारें सीमित स्तर पर प्रोटोटाइप, परीक्षण, नियामक मंजूरी और टेस्ट फ्लाइट के दौर से गुजर रही हैं। अभी सड़क पर दौड़ने और उड़ान भरने वाली ये कारें, आम लोगों के लिए उपलब्ध नहीं हैं। लेकिन चीन, जापान, अमेरिका और यूरोप के कई देशों में ये कारें जल्द से जल्द आम लोगों के घरों के गैराज में दिखने लगेंगी।

कई स्तरों पर हो रही तैयारी: साल 2025 के अंत तक दुनिया भर में कई कंपनियां ऐसी इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक ऑफ एंड लैंडिंग (वीटीओएल) कारों को पूरी तरह तैयार कर लेंगी, क्योंकि इन कंपनियों की फ्लाइंग कारों की प्रगति महत्वपूर्ण चरणों में है। कुछ देशों और कंपनियों ने तो अपनी कारों की सूची भी सोशल मीडिया पर जारी कर दी है। इस समय दुनिया भर के अलग-अलग देशों में करीब 250 ऐसी कंपनियां हैं, जो उड़ने वाली कारों यानी फ्लाइंग टैक्सियों या वीटीओएल परियोजनाओं पर काम कर रही हैं। कई प्रोटोटाइप पहले ही हवा में उड़ान भर चुके हैं, कुछ मानव पायलट के साथ और कुछ बिना इंसानी ड्राइवर के। उदाहरण के लिए टर्की में सीजेरी का प्रोटोटाइप और जापान में स्काई डाइव का प्रोटोटाइप हवा में उड़ान भर चुका है। कई कंपनियां एयर टैक्सी शुरू करने की बिल्कुल व्यावहारिक योजनाएं बना चुकी हैं, तो कुछ देशों ने सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। कहने का मतलब उड़न कारें यानी, जमीन और हवा दोनों पर चलने वाली कारें भले अभी दुनिया में आम लोगों के इस्तेमाल में आना शुरू न हुई हों, पर इनके एक साथ पूरी दुनिया में इतनी बड़ी संख्या में प्रोजेक्ट काम कर रहे हैं कि दिन-रात इनके बारे में बातें होना स्वाभाविक है। इनके उज्ज्वल भविष्य को देखते हुए दुनिया के बड़े-बड़े उद्योगपति इन कारों पर भारी निवेश भी कर रहे हैं।

जॉबी एविएशन, अमेरिका की ईवीटॉल

स्काई ड्राइव, जापान की एयरटैक्सी

कई कंपनिया हैं एक्टिव: आज दुनिया के जिन देशों में प्रमुख कंपनियां ऐसी फ्लाइंग कारें बनाने में जुटी हुई हैं, उनमें संयुक्त राज्य अमेरिका में जॉबी एविएशन ने एफएए से एयर करियर प्रमाणपत्र हासिल किया है और डेल्टा एयरलाइंस के साथ साझेदारी की है। इसी तरह आर्चर एविएशन ने भी यूनाइटेड एयरलाइंस से 10 मिलियन डॉलर प्राप्त किया है। इसी तरह जेस्टन वन नामक एक व्यक्तिगत उड़न वाहन भी अमेरिका में विकसित किया गया है, जिसकी कीमत 1 लाख 28 हजार डॉलर है और जिसे उड़ाने के लिए किसी पायलट लाइसेंस की जरूरत नहीं है। जबकि चीन एक्सपेंग एयरोहॉट दुनिया की पहली ऐसी कंपनी है, जिसने बिना पायलट के यात्री उड़ानों के लिए नियामक स्वीकृति प्राप्त कर ली है। इसने लैंड एयरक्राफ्ट करियर नामक मॉड्यूलर कार विकसित की है, जिसमें एक फोल्डेबल ईवीटीओएल है। टीकैब टैग कंपनी ने ई-20 नामक मानवयुक्त ईवीटीओएल विकसित की है। इसी तरह ब्राजील ने ईव एयर मोबिलिटी, जापान की स्काई ड्राइव और जर्मनी की लिलियम बोलोकॉप्टर कंपनियों ने भी अपनी-अपनी उड़न कारें विकसित कर ली हैं और इन सबकी हवा में उड़ने और जमीन में जरूरत पड़ने पर चलने वाली ये कारें परीक्षण और अपग्रेडेशन की प्रक्रिया से गुजर रही हैं। इन दिनों इसी काल्पनिक सच को हकीकत में बदलने के लिए विकसित देशों में दर्जनों उड़न कारें अपनी बुनियादी उड़ाने भर रही हैं या दूसरे शब्दों में ट्रेंड हो रही हैं।

ऐसे आई सुर्खियों में: फ्लाइंग कारों की चर्चा अचानक इसलिए बढ़ी है, क्योंकि पिछले दिनों दो उड़ने वाली कारें एक फ्लाइंग शो के दौरान हवा में ही टकरा गईं और एक बड़ा हादसा हो गया। यह अलग बात है कि इसमें कोई जनहानि नहीं हुई। दरअसल, चीन के जिलिन में बीते 16 सितंबर 2025 की दोपहर को चल रहे चांगचुन एयर शो के दौरान एक्सपेन एयरोहॉट की दो वीटीओएल आपस में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस टक्कर से एक यात्री घायल हो गया, जिसे जानलेवा चोट नहीं लगी। लेकिन इस दुर्घटना की वजह से रातों-रात पूरी दुनिया की आटोमोबाइल इंडस्ट्री में वीटीओएल कारों के किस्से पूरी तरह से छा गए और हर किसी को पता लग गया कि उड़ने वाली कारें अब विज्ञान कथा भर नहीं हैं, वास्तविक जिंदगी का हिस्सा बनने की कगार पर हैं। निकट भविष्य में इनका उपयोग शहरी परिवहन, आपातकालीन सेवाओं और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में बहुत कॉमन हो जाएगा।

सुरक्षा है बड़ा मुद्दा: जिस तरह इन दिनों चीन में हुई हवाई दुर्घटना के कारण दो एयर टैक्सियों के आपस में भिड़ जाने पर खूब चर्चा हो रही है, उससे उड़ने वाली कारों यानी ईवीटीओएल की तकनीकी सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। माना जाता है कि ऐसी काल्पनिक कारों का यह पहला मिड एयर कॉलिशन है। लेकिन यह अकेला कारण भी नहीं है, जिसकी वजह से इन उड़न कारों की बातें हो रही हैं। दरअसल, अब नए मॉडल के नई लाइफस्टाइल को सपोर्ट करने वाले शहरों के बसाए जाने की बात भी हो रही है। इन्हीं नए शहरों की जरूरतों को ध्यान में रखकर अर्बन एयर मोबिलिटी पर जबर्दस्त चर्चा हो रही है, क्योंकि भविष्य के शहरों में लोगों के पास इतना समय नहीं होगा कि वे ट्रैफिक में घंटों फंसे रह सकें। इसलिए ऐसी कारों की जरूरत जबर्दस्त ढंग से पैदा होने वाली है, जो हवा में उड़कर मिनटों में एक जगह से दूसरी जगह कई किलोमीटर दूर पहुंच सकती हैं।

सिर्फ सुरक्षा का ही नहीं, वास्तव में इन वाहनों की उड़ान और लैंडिंग की अनुमति भी एक बड़ी समस्या होगी, जिस पर इन दिनों सिस्टमेटिक ढंग से प्लानिंग हो रही है। लोगों को उत्सुकता है कि एयर ट्रैफिक रेगुलेशन, पायलट ट्रेनिंग, बैटरी रिलायबिलिटी, इस तरह की सभी समस्याएं एक-एक करके हल हों ताकि उड़ने वाली कारें अब फिक्शन न रह जाएं।

एक्सपेन एयरोहॉट ईवीटॉल, चीन

बहरहाल, विशेषज्ञ कहते हैं कि इस बात में कोई संदेह नहीं है कि सन 2030 तक दुनिया के अनेक बड़े शहरों के आसमान में हवा में उड़ान भरने वाली कारें दिखने लगेंगी। *

भारत में भी जल्द उड़ेंगी एयरटैक्सी

केवल विदेशों में ही नहीं अपने देश भारत में भी ईवीटॉल विकसित करने में कुछ कंपनियां सक्रिय हैं। डीजीसीए ने पंजाब की एक कंपनी के एयरटैक्सी मॉडल को डिजाइन अप्रूवल सर्टिफिकेट भी दे दिया है। एयरटैक्सी के टेकऑफ और लैंडिंग के लिए वर्टिपोर्ट बनाने की प्लानिंग पर भी काम किया जा रहा है। बेंगलुरु की एक कंपनी भी इस दिशा में एक्टिव है। सब कुछ प्लानिंग के अनुसार फाइनल होने पर वर्ष 2028 तक दिल्ली-एनसीआर में एयर टैक्सी का परिचालन शुरू हो सकता है। इसके बाद कोलकाता, मुंबई जैसे अन्य मेट्रो शहरों में भी एयरटैक्सी चलने की संभावना है।

अवेयरनेस / संध्या सिंह

इन दिनों लगभग रोज ही साइबर फ्रॉड की अनेक घटनाएं घटित हो रही हैं। साइबर क्रिमिनल्स नए-नए तरीकों से लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। ऐसे में जरा सी लापरवाही आपका भारी आर्थिक नुकसान करा सकती है। इसलिए साइबर वर्ल्ड में हमेशा एलर्ट रहें।

खूब हो रहा साइबर फ्रॉड

ना बरतें कोई लापरवाही

आजकल सोशल मीडिया पर साइबर तस्करी, साइबर अपराध, वित्तीय धोखाधड़ी, डीपफेक में काफी बढ़ोत्तरी हो रही है। ऐसी धोखाधड़ी अब आम हो गई है।

सोशल मीडिया पर फ्रॉड नेटवर्क: हाल के दिनों में लोगों को व्हाट्सएप पर नकली ई-चालान मिलना, नकली बिजली, पानी, गैस, केबल के बिल मिलने जैसी चीजें आम हो गई हैं, जिनमें व्हाट्सएप पर मैसेज भेजा जाता है और उसमें यह वॉर्निंग दी जाती है कि यदि समय पर बिल का भुगतान नहीं किया गया, तो उनका कनेक्शन काट दिया जाएगा। हड़बड़ी में लोग अकसर व्हाट्सएप में आए उस बिल पर क्लिक कर देते हैं और कुछ समय बाद उन्हें पता चलता है कि उनके खाते से काफी पैसे निकाल लिए गए हैं। यहां तक कि फेसबुक पर भी बहुत रोचक कहानियां बनाकर उन्हें डाल दिया जाता है और जब लोग उन्हें पढ़कर आगे की कहानी जानने के लिए दिए गए लिंक पर क्लिक करते हैं, तो उस लिंक पर कई बार एडल्ट साइट्स से उनका सामना होता है या गलत लिंक पर क्लिक करने के कारण वे साइबर ठगी का शिकार हो जाते हैं।

हो रहा भारी नुकसान: साइबर क्राइम अब एक ऐसी समस्या के रूप में सामने आ रहा है, जो हमारा पैसा और मन की शांति दोनों को खत्म कर रहा है। साइबर अपराध पर 254वीं संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्ट ने इस बात का खुलासा किया है कि साइबर ठगी के जरिए 31,500 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। इस साल साइबर अपराधी एक साथ कई मोर्चों पर सक्रिय हैं। संसदीय रिपोर्ट भी इस बात की पुष्टि करती है कि साइबर अपराधी एक साथ कई हथकंडे आजमा रहे हैं। लोग यह समझते हैं कि इनसे बचने के उपाय, अत्यधिक कुशल हैकर्स का काम है, लेकिन इससे आम लोगों को यह समझना होगा कि उनको नेविगेट करने की क्षमता हम सबमें होनी जरूरी है।

बीते जुलाई माह में गुरुग्राम पुलिस द्वारा एक ऐसे कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया, जहां जालसाज वीआईपी नंबर्स और पुलिस स्टेशन की पृष्ठभूमि का एआई द्वारा उपयोग करके वीडियो कॉल पर कानून अधिकारी के रूप में पेश आते थे, जो लोगों को उनके नाम पर एक पैकेट में अवैध वस्तुएं होने का हवाला देकर उन्हें गिरफ्तार कर लेने के लिए डराते थे और उन्हें यह धमकी देते थे कि यदि वह तुरंत अपनी जमानत या वैरीफिकेशन के लिए एक निश्चित राशि का भुगतान नहीं करते, तो उन्हें कानूनी कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। पुलिस द्वारा छापे में स्क्रीन स्क्रिप्ट और जाली आईडी मिली, इसके बाद कई गिरफ्तारियां हुईं, जिनका लिंक दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के नेटवर्क से था, जो सीधे भारतीयों को अपना निशाना बना रहे थे।

जागरूकता है जरूरी: यह सही है कि आज के दौर में साइबर अपराध इतने जटिल हो गए हैं और लोगों को ठगी का शिकार बनाने के उनके तरीके इतने दबे छिपे होते हैं कि आम लोगों में जागरूकता का अभाव होने के कारण वे सहजता से इसका शिकार हो जाते हैं। मसलन, अगर आपको कोई पुलिस अधिकारी होने का दावा करने वाले का कॉल आता है तो उनसे यह पूछा जा सकता है कि वीडियो कॉल के जरिए भला गिरफ्तारी कैसे हो सकती है? इस तरह की समझदारी और अवेयरनेस से फ्रॉड से बच सकते हैं।

बिना डरे रहें सजग: इन जटिल साइबर अपराधों के खिलाफ सुरक्षा के समाधान या तरीके इतने कठिन नहीं है, जितने हम समझते हैं। हमें हर चीज पर सवाल उठाना सीखना होगा और जीरो ट्रस्ट नीति अपनानी होगी। एक बार जब हम ऐसे मामले में जीरो ट्रस्ट नीति अपनाने लगते हैं तो साइबर सुरक्षा आसान हो जाती है। किसी भी लिंक अटैचमेंट या मैसेज पर जाने से पहले बिना सोचे-समझे क्लिक नहीं करना चाहिए, क्योंकि साइबर जगत में हर अंजान को जांचने-परखने की नीति अपनाएं। किसी भी लिंक पर क्लिक करने से पहले सोचें, विचार करें। वेडिंग इंविटेशन या ई-चालान की पीडीएफ/जेपीईजी फाइल होनी चाहिए, न कि एपीकेएस। एपीकेएस पर क्लिक करने का ही मतलब है आप हैकर को क्लिक कर रहे हैं। किसी को भी अपना ओटीपी या यूपीआई पिन या स्क्रीन शेयर न करें। क्योंकि कानून आपको इन्हें साझा करने के लिए नहीं कह सकता। ऑड यूआरएलएस, नए हैंडल्स, मिस मैच्ड लोगो, भ्रम पैदा करने वाली ईमेल आईडी पर क्लिक न करें। अगर आपके खाते से पैसों की ठगी हो जाती है तो 1930 नंबर पर कॉल करें और अपने बैंक को तुरंत फोन करके इसके बारे में सूचित करें। कुल मिलाकर ऑनलाइन ठगी से बचने के लिए बिना डरे एलर्ट रहना जरूरी है। *

स्वामी मोर्निंग सिटी मल्टीमीडिया प्रा.लि. मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक- सुशील कुमार सिंह (मोबाइल न. 8077588101), पुरराज प्रिंट एंड पैकिंग प्रा. लि., ई – 19 सेक्टर 6 नोएडा , गौतमबुद्धनगर से छपवाकर शॉप न. – 307 , 308 एल्फा – 1 नीलकंठ प्लाजा, ग्रेटर नोएडा, गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित। (RNI No. UPHIN/2015/60949)
(समस्त विवादों के लिए न्यायिक क्षेत्र गौतमबुद्धनगर होगा) प्रकाशिक सामग्री या विज्ञापन में संपादक / प्रकाशक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। इससे संबंधित किसी भी प्रकार की कार्यवाही या पूछताछ प्रकाशन तिथि से तीन माह के अंदर की सकती है। ई-मेल-morningcityinput@gmail.com।